

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मैं परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 121, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

आज का मौसम 29.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 14 सूर्यास्त 07 :14

हल्द्वानी, रविवार, 22 जून 2025


भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14

## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6.15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और बलविंदर सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## प्रधानमंत्री मोदी ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।


आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3.03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### योग भारत की सॉफ्ट पावर का सशक्त उदाहरण : राष्ट्रपति

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ करते हुए योग को भारत की चेतना और विरासत के केंद्र के साथ भारत की सॉफ्ट पावर का सशक्त उदाहरण बताया। उत्तराखंड को भारत के योग, चेतना और विरासत का केंद्र बताते हुए कहा कि इलाज से बेहतर रोकथाम है और इस भावना को योग साकार करता है।


देहरादून पुलिस लाइन सभागार में योग करतीं राष्ट्रपति।

राष्ट्रपति मुर्मु ने शनिवार को देहरादून पुलिस लाइन में योगाभ्यास के बाद कहा कि उत्तराखंड योग और आध्यात्मिक परंपराओं का केंद्र रहा है। योग पूरी मानवता के लिए सांझी विरासत बन चुका है। योग का अर्थ जोड़ना है और इसका अभ्यास व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा को जोड़ते हुए स्वस्थ बनाता है। यह एक को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से और एक देश को दूसरे से जोड़ने का काम भी कर रहा है। वहीं, राज्यपाल गुरमीत सिंह ने योग को भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का हिस्सा बताते हुए कहा कि आज यह दिवस न केवल भारत के लिए अपितु संपूर्ण विश्व के लिए स्वास्थ्य, शांति और समरसता का प्रतीक बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग एक वैश्विक अभियान बन चुका है। युवा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

● डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश

विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।



एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

# उत्तराखंड में 10 और 15 जुलाई को पंचायत चुनाव

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

● राज्य में नगरीय क्षेत्रों एवं हरिद्वार को छोड़ आदर्श आचार संहिता लागू

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पंचायत चुनाव का बिगुल बज गया है। राज्य के 12 जनपदों ( हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के 12 जनपदों (हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन को लेकर तय कार्यक्रम एवं आयोग की तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन दो चक्रों में संपन्न होंगे। नामांकन की प्रक्रिया 25 जून से प्रारंभ होगी।

पहले चक्र में निर्धारित विकास खंडों के अंतर्गत 10 जुलाई को तथा दूसरे चक्र में निर्धारित विकास खंडों के अंतर्गत 15 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 19 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। आयोग ने राज्य में नगरीय क्षेत्रों एवं जनपद हरिद्वार को छोड़कर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है।

निर्वाचन आयुक्त कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में संबंधित जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अपने जिले की ग्राम पंचायतों के सदस्यों, ग्राम पंचायतों के प्रधानों, क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों तथा जिला पंचायत के सदस्यों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पदों व आरक्षण सहित पूर्ण विवरण देते हुए सोमवार 23 जून को अधिसूचना जारी करेंगे। आयोग द्वारा दो चक्रों में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी चक्रों के लिए नामांकन 25 जून से 28 जून तक सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होंगे।


पंचायत चुनाव की जानकारी देते राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार।

उन्होंने बताया कि, नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया 29 जून से 1 जुलाई तक सुबह 8 बजे से कार्य समाप्ति तक संपन्न कराई जाएगी। नाम वापसी की तिथि 2 जुलाई की सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित होगी। प्रथम चक्र के लिए निर्वाचन प्रतीक चिन्हों का आवंटन 3 जुलाई को और द्वितीय चक्र के लिए 8 जुलाई को होगा। इस मौके पर आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल और संयुक्त सचिव कमलेश मेहता भी मौजूद रहे।

(संबंधित पेज-2)

## ढाई साल के बेटे को जहर खिला खुद खाया, मां की मौत

**मदनापुर/शाहजहांपुर।** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन के हिस्से को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

## तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)**

● पुल का स्लैब ढहने के मामले में शासन स्तर से हुई कार्रवाई

● संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट में डालने की तैयारी

**अमृत विचार :** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर यह कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था। इस मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामला शासन तक पहुंच गया। बताया जाता है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लखनऊ भी तलब किए गए। शनिवार को तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। हालांकि इस निलंबन को लेकर विभाग के अवर अभियंताओं में रोष है।

# कुमाऊं और गढ़वाल में बनेंगे स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन

## सीएम बोले-उत्तराखंड को बनाएंगे योग-वेलनेस की वैश्विक राजधानी, राज्य में योग नीति का किया शुभारंभ


गैरसैंण में योग करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भराड़ीसैंण, गैरसैंण स्थित विधानसभा परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण एवं 8 देशों के डेलिगेट्स के साथ योग किया। योग कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग नीति पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्य में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ किया। एक वृक्ष, योग के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी लगाया। इस दौरान घोषणा की कि सरकार शीघ्र ही प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन (आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र) की स्थापना करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, हम राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में दो नए नगर बसाने जा रहे हैं, जो योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के केंद्र बनकर वैश्विक मानचित्र पर राज्य की विशेष पहचान स्थापित करेंगे। जिसमें सम्पूर्ण विश्व से वेलनेस के क्षेत्र में काम करने वाले बड़े ग्रुप्स, आध्यात्मिक गुरुओं, संस्थानों को यहां आमंत्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विदेशी मेहमानों के सान्निध्य से इस आयोजन को वैश्विक पहचान मिलेगी। भराड़ीसैंण प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी होने के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र भी है। 8 मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया सामूहिक योगाभ्यास, उत्तराखंड को योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### देश की पहली योग नीति उत्तराखंड में लागू

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ योग और अध्यात्म की भूमि भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार ने देश की पहली योग नीति 2025 को राज्य में लागू किया है। योग नीति के तहत योग एवं ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध हेतु 10 लाख रुपये तक के अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। वर्ष 2030 तक राज्य में पांच नए योग हब की स्थापना होगी और मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में योग सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

# 47,77,072 मतदाता करेंगे 66418 पदों के लिए मतदान

## 10.57 प्रतिशत मतदाता बढ़े वर्ष 2019 की तुलना में, 66418 पदों पर निर्वाचन को 8276 मतदान केंद्र और 10529 मतदान स्थल निर्धारित

- 89 विकास खंडों में है ग्राम पंचायत सदस्य के 55587 व प्रधान ग्राम पंचायत के 7499 पद
- 2974 सदस्य क्षेत्र पंचायत के और सदस्य जिला पंचायत के 358 पदों पर होगा चुनाव
- राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने दी प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के 12 जनपदों (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन को लेकर तय कार्यक्रम एवं आयोग की तैयारियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य में हरिद्वार को छोड़कर अन्य 12 जिलों के 89 विकास खंडों में सदस्य ग्राम पंचायत के 55587, प्रधान ग्राम पंचायत के 7499, सदस्य क्षेत्र पंचायत के 2974 और सदस्य जिला पंचायत के 358 पदों पर निर्वाचन होगा। पंचायतों के कुल 66418 पदों पर निर्वाचन के लिए प्रदेश में 8276 मतदान केंद्र और 10529 मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। 47,77,072 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें महिला मतदाता संख्या 2310996, पुरुष मतदाता 2465702 और अन्य मतदाताओं की संख्या 374 है। वर्ष 2019 की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 10.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




### प्रथम चक्र में यहां होंगे चुनाव

अधिसूचना के अनुसार प्रथम चक्र में अल्मोड़ा जनपद के ताकुला, धौलादेवी, ताड़ीखेत भैंसियाछाना, लमगड़ा एवं चौखुटिया, ऊधमसिंहनगर जिले के खटीमा, सितारगंज, गदरपुर एवं बाजपुर, चम्पावत जिले के लोहाघाट एवं पाटी, पिथौरागढ़ जिले के धारचूला, डीडीहाट, मुनस्यारी एवं कनालीछीना, नैनीताल जिले के बेतालघाट, ओखलकाण्डा, रामगढ़ एवं धारी, बागेश्वर जिले के बागेश्वर, गरूड़ एवं कपकोट, उत्तरकाशी जिले के मोरी, पुरोला एवं नौगांव, चमोली जिले के देवाल, थराली, ज्योतिर्मठ एवं नारायणबगड़, टिहरी गढ़वाल जिले के जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलधार एवं भिलंगना, देहरादून जिले के चकराता, कालसी एवं विकासनगर, पौड़ी गढ़वाल जिले के खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडाण्डा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर एवं पोखड़ा और रूद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ, जखोली एवं अगस्त्यमुनि विकास खंड को शामिल किया गया है।

### दूसरे चक्र में यहां होंगे निर्वाचन

दूसरे चक्र में अल्मोड़ा जनपद के सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, हवालबाग एवं द्वाराहाट, ऊधमसिंहनगर जिले के रूद्रपुर, काशीपुर एवं जसपुर, चम्पावत जिले के चम्पावत एवं बाराकोट, पिथौरागढ जिले के विण, मूनाकोट, बेरीनाग एवं गंगोलीहाट, नैनीताल जिले के हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल एवं कोटाबाग, उत्तरकाशी जिले के डुण्डा, चिन्यालीसौड़ एवं भटवाड़ी, चमोली जिले के पोखरी, दशोली, नन्दानगर, कर्णप्रयाग एवं गैरसैंण, टिहरी गढवाल जिले के कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेन्द्रनगर एवं चम्बा, देहरादून जिले के डोईवाला, रायपुर एवं सहसपुर और पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर, जयहरीखाल, दुगड्डा, द्वारीखाल, पौड़ी, कोट एवं कल्जीखाल विकास खंडों को रखा गया है।

### टोल फ्री नंबर जारी, मतदाता सूची आयोग की वेबसाइट पर

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने टोल फ्री नंबर 18001804280 जारी करते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता तथा पंचायत मतदाता सूची की प्रति आयोग की वेबसाइट www.sec.uk.gov.in पर भी उपलब्ध कराई गई है।

### अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों हेतु अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार सदस्य ग्राम पंचायत हेतु 10 हजार रुपये, प्रधान ग्राम पंचायत 75 हजार रुपये, सदस्य क्षेत्र पंचायत हेतु 75 हजार रुपये एवं सदस्य जिला पंचायत हेतु 2 लाख रुपये की अधिकतम व्यय सीमा रखी गई है।

### आचार संहिता का सख्ती से होगा अनुपालन

राज्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने कहा कि आचार संहिता के अनुपालन पर आयोग का विशेष ध्यान रहेगा। निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए आयोग के द्वारा 55 सामान्य प्रेक्षकों की तैनाती की जा रही है और 12 प्रेक्षक आरक्षित रहेंगे। निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के प्रत्येक जिले में एक प्रभारी अधिकारी (व्यय) की तैनाती करने की व्यवस्था की गई है जिसके द्वारा प्रतिदिन जिलाधिकारी के माध्यम से आयोग को रिपोर्ट भेजी जाएंगी। जिला स्तर पर जब्ती व प्रवर्तन कार्य हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की तीन टीमें गठित होंगी। इन टीमों को अवैध मदिरा, मादक पदार्थों, नकदी एवं अन्य प्रकार के प्रलोभन या उपहार आदि वस्तुओं को जब्त करने का अधिकार होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी पेड न्यूज एवं प्रायोजित सर्वे आदि पर भी नजर रखते हुए ऐसे व्यय संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ने की व्यवस्था करेंगे। राज्य स्तर पर भी पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा एक-एक नोडल अधिकारी की तैनाती कर जब्ती एवं व्यय की रिपोर्ट आयोग के प्रस्तुत की जाएगी।

### चुनाव में 95909 कार्मिक होंगे तैनात

पंचायत चुनाव को संपन्न कराने के लिए 95909 कार्मिकों की तैनाती होगी, जिनमें से 35700 कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही कार्मिकों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्षाकाल को देखते हुए संबंधित विभागों को विशेष आपदा योजना बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विधानसभावार पर्यवेक्षकों की सूची जारी की है। ये जिपं सदस्य पद के समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल बनाने के साथ ही चुनावी प्रबंधन संभालेंगे। प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों की सूची जारी की। इसमें विधानसभावार दो-दो प्रवासी कार्यकर्ता बतौर पर्यवेक्षक और चुनावी प्रबंधन का दायित्व संभालेंगे। जिपं सदस्यों की सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को सौंपेंगे। प्रत्येक प्रधान, बीडीसी सदस्य के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़वाने का प्रयास करेंगे।

### डब्बू को लालकुआं व चंदन को रुद्रपुर की जिम्मेदारी

**हल्द्वानी :** रुद्रपुर विधानसभा में चन्दन बिष्ट एवं श्रीपाल राणा, धारचूला में गणेश भंडारी एवं कमला चुफाल, डीडीहाट में अशोक नबियाल एवं मनोज सामंत, पिथौरागढ़ में मीना गंगोला एवं लोकेश भट्ट, गंगोलीहाट में इंद्र सिंह फर्स्वाण एवं ललित पंत, कपकोट में देवेंद्र गोस्वामी एवं खड़क सिंह टंगड़िया, बागेश्वर में सुरेश कांडपाल एवं चंपा आर्य, द्वाराहाट में कैलाश पंत एवं नरेंद्र भंडारी, सल्ट में प्रेम शर्मा एवं दीप पांडे, रानीखेत में पूरन संगेला एवं भूपेंद्र कांडपाल, सोमेश्वर में शिव सिंह बिष्ट एवं ललित पटवाल, अल्मोड़ा में अरविंदर बिष्ट एवं गौरव पांडे, जागेश्वर में रवि रौतेला एवं कैलाश गुरुरानी, लोहाघाट में दर्पण कुमार एवं शंकर पांडे, चंपावत में सतीश पांडे एवं शंकर कोरंगा, लालकुआं में अनिल कपूर डब्बू एवं कमल नयन जोशी, भीमताल में महेंद्र नेगी एवं प्रदीप जनौटी, नैनीताल में देवेंद्र ढैला एवं विजय भट्ट, कालाढूंगी में प्रकाश हरबोला एवं गोपाल रावत, रामनगर में गुंजन सुखीजा एवं अजय राजौर, जसपुर में आशीष गुप्ता एवं मंजीत सिंह, काशीपुर में विवेक सक्सेना एवं समीर आर्य, बाजपुर में राम मेहरोत्रा एवं रवि पाल, गदरपुर में उत्तम दत्ता एवं गुरविंदर सिंह चंडोक, किच्छा में दिनेश आर्य एवं भारत भूषण चुघ को जिम्मेदारी मिली है।

# कांग्रेस ने पंचायत चुनाव के लिए बनाई कोर कमेटी


स्वराज आश्रम में हुई बैठक में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने पंचायत चुनाव को लेकर कमर कस ली है। जिला कार्यकारिणी ने बैठक कर पंचायच चुनाव में जीत का परचम फहराने के लिए रणनीति बनाई।

जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत चुनाव को लेकर स्वराज आश्रम में बैठक हुई। छिमवाल ने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। यह चुनाव ही आगामी विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल होगा। जिस तरह से सरकार पहले कमीशन फिर परमिशन के फॉर्मूले पर काम कर रही है, शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्रों की जनता भाजपा से त्रस्त है। जनता मूलभूत सुविधाओ के लिये संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायतों में प्रत्याशी उतारेगी। कांग्रेस में दावेदारों की फेहरिस्त है, जल्द ही प्रत्याशी तय किए जाएंगे। जिले में वरिष्ठ कांग्रेस जनो की कोर कमेटी बनाई जाएगी, जो चुनाव में बारीकी से नजर बनाएगी। सभी ब्लॉक अध्यक्षों व प्रभारियों को कार्यक्षेत्र में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी कर कोर कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस दौरान हरेंद्र बोरा, भोला दत्त भट्ट, उमेश कबड़वाल, भुवन दरमवाल, शेखर दानी आदि मौजूद रहे।

### स्पेस मीट को बनेगा विजन डाक्यूमेंट, रोड मैप

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड अन्तरिक्ष उपयोग केंद्र (यूसैक) सभागार में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी यूसैक द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सहयोग से जुलाई के प्रथम सप्ताह मे 'विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उसके अनुप्रयोगों का लाभ : हिमालयीय राज्यों के दृष्टांत' विषय पर आयोजित की जाने वाली स्पेस मीट कार्यशाला हेतु राज्य के विभिन्न विभागों मे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों से किये जा रहे कार्यों तथा भावी आवश्यकताओं पर विभागवार चर्चा के माध्यम से उनकी आवश्यकता एवं विकास के लिए चिन्हित एवं वर्तमान में संचालित कार्यों तथा भावी योजनाओं/परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी डॉक्यूमेंट तैयार करने के उदेश्य से की गई।

# स्वयं के कौशल विकास पर लगातार कार्य करें शिक्षक

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के तत्वावधान में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के भीमताल परिसर में उच्चतर माध्यमिक छात्र-छात्राओं के लिए एक सप्ताह के समर स्कूल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी शिलांग और भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के प्रोफेसर एसएस खरे रहे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्वप्निल श्रीवास्तव और प्रोफेसर शारदा सुंदरम व एमबीपीजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। परिसर निदेशक सेवानिवृत्त कर्नल अनिल नय्यर ने अतिथियों को बाल वृक्ष (सैंपलिंग) भेंट कर स्वागत और अभिनन्दन किया। कहा कि वर्तमान समय में सूचना की उपलब्धता बहुतायत में है और ऐसे में एक अच्छे शिक्षक की जिम्मेदारी उस सूचना को प्रभावी रूप से छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने की है। इसके लिए शिक्षकों को लगातार स्वयं के कौशल विकास पर कार्य करने की नितांत आवश्यकता है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एसएस खरे ने ज्ञान के प्रभावी अधिगम के लिए प्रतिभागियों से चिंतन शक्ति को विकसित करने पर बल दिया। समर स्कूल संयोजक डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने इस आयोजन की रूप रेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन बीटेक द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा समृद्धि गुरुरानी तथा प्रियंका धामी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बीपी जोशी, डॉ. डीएस रावत आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व अन्य।

# नैनीताल का मौसम खुशनुमा, पर्यटकों ने की सैर

- शनिवार को बड़ी संख्या में सरोवर नगरी पहुंचे सैलानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कोहरे और घने बादलों के साथ सरोवर नगरी का मौसम मनभावन बना रहा। शाम के समय हुई बारिश ने सैलानियों की सैर में व्यवधान डाल दिया। सीजन पीक पर रहा और बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे हैं।

नगर का मौसम शनिवार सुबह से ही ठंडक लिए सुकून महसूस करा रहा था। कोहरा रह-रह कर नगर को अपने आगोश में ले रहा था तो घने बादलों का साया मौसम को सुहावना बना रहा था। शाम 4.30 बजे तक रिमझिम बारिश की फुहारें शुरू हो गईं।

ऊंची चोटियों की सैर पर गए सैलानी भीगने से खुद को नहीं बचा सके। इस बीच नगर सैर पर सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर की रंगत में निखार नजर आया। नगर के अधिकांश होटल पैक रहे और यही हाल नगर के तमाम पार्किंग स्थलों का रहा। सरकारी व अर्द्ध सरकारी गेस्ट हाउस भी फुल हैं। वीकेंड की वजह से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, लवर्स प्वाइंट व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आमद बनी रही। नौका विहार करने वालों का दिन में तांता लगा रहा, लेकिन शाम की बारिश ने नौकायन बाधित कर दिया। इस बीच नगर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ाई रही। नगर की सड़कों में जाम लगता रहा। जिसे दुरुस्त करने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इधर नगर के नजदीकी पर्यटन स्थलों में भी चहल पहल रही। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट का कहना है कि सीजन पीक पर जा पहुंचा है। माह के अंत तक सैलानियों की आमद बनी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।


नैनीताल में बारिश के दौरान छाता लगाकर गुजरते पर्यटक। ● अमृत विचार

### मौसम ने ली करवट, बारिश से लोगों को मिली राहत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह जहां तेज धूप और साफ आसमान के चलते गर्मी चरम पर थी, वहीं दोपहर बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही धूप चटक रही थी। लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे और किसी को अंदाजा नहीं था कि मौसम इतनी तेजी से पलटेगा। दोपहर बाद अचानक बादल घिर आए और तेज बारिश शुरू हो गई। इस अचानक हुई बारिश से जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों पर कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। बारिश के कारण कुछ इलाकों में हल्का जलभराव भी देखा गया, जिससे राहगीरों परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं चली, लेकिन इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।

### बारिश के बाद गौला नदी का जलस्तर बढ़ा

**हल्द्वानी :** शुक्रवार को गौला नदी का जलस्तर 98 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया था, लेकिन शनिवार को अचानक हुई बारिश के बाद इसमें 112 क्यूसेक की वृद्धि दर्ज की गई। जिससे क्षेत्र में पानी के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बारिश से पहले लगातार गिरते जलस्तर के कारण पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन शनिवार को मौसम के बदले मिजाज और तेज बारिश ने हालात को काफी हद तक सुधार दिया है। जल संस्थान और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बढ़े हुए जलस्तर से शहर में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी।




### भगवान चंद्र अध्यक्ष व हीरा सिंह सचिव बने


निर्वाचित पदाधिकारी।

**भीमताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित सरजेसी बोस तकनीकी परिसर के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के द्विवार्षिक चुनाव में पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। भगवान चंद्र ध्यानी अध्यक्ष, बिशन सिंह बिष्ट व शशि उपाध्यक्ष, हीरा सिंह किरौला सचिव, दलीप सिंह नेगी उपसचिव और नवीन चंद्र जोशी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। विकास भवन कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष व मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नेगी की देखरेख में संगठन की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सभी छह पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जिसके बाद सभी पदाधिकारिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इन पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फार्मेसी कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो .तपन नैलवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे, कुलानुशासक डॉ. रिशेंद्र, लक्ष्मण रौतेला, अमरनाथ गोस्वामी, किशन नेगी, रमेश भट्ट, कर्णिका साह, प्रेम बिष्ट, कमला, अदिति, रमेश तिवारी, अनीता खोलिया, नरेंद्र नेगी व पुष्कर ढैला आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 94 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**भीमताल :** भीमताल के नल दमयंती ताल में पूर्व ग्राम प्रधान स्वर्गीय पूरन सिंह चनौतिया की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 94 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस दौरान सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है। शिविर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनैतिया, भवाली नगर पालिका अध्यक्ष पंकज आर्य, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नैनीताल खषटी बिष्ट, डीके डालाकोटी सभासद शुभम नैनवाल, शिप्रा जोशी, दीपक आर्य, उमेश पाठक, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी आदि मौजूद रहे।

### 13 जुलाई तक होगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय में इस वर्ष 23 जून से 13 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होगा। विवि प्रशासन की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। पहली बार ग्रीष्मकालीन आवकाश की अवधि को बढ़ाया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश केवल 10 दिन का होता था, लेकिन इस बार छुट्टियों की अवधि लगभग दोगुनी कर दी गई है।

**आज का मौसम**

धूप खिली रहेगी और आंधी के साथ बारिश की भी संभावना

| 29.0° | 24.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 19.14 |

# देवखड़ी व रकसिया नालों के अतिक्रमणकारियों की होगी सुनवाई, प्रशासन ने रोस्टर किया जारी

### जिला प्रशासन ने बनाई रणनीति 23 जून से लगेंगे कैंप, सत्यापन में सही पाए जाने पर नोटिस भी होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने देवखड़ी एवं रकसिया नालों पर अतिक्रमण हटाने के लिए दिए गए नोटिसों के बाद जनता की सुनवाई के लिए चरणबद्ध ढंग से योजना बनाई है। हालांकि मानसून को देखते हुए डीएम ने नालों में बने अतिक्रमण को पहले हटाने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि देवखड़ी व रकसिया नालों अतिक्रमण के कारण बारिश के पानी की निकासी बाधित हुई है, यह पानी सड़कों एवं घरों में जमा होता है। इस समस्या के समाधान के लिए रकसिया एवं देवखड़ी नालों का प्रारंभिक सर्वे में अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस जारी किए गए हैं।

जनप्रतिनिधियों का सुझाव है कि जिन्हें नोटिस दिए गए हैं, उन्हें भी अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस पर डीएम ने पक्षकारों को पर्याप्त समय देने, सम्यक परीक्षण व स्थलीय निरीक्षण के बाद ही अंतिम निर्णय लेने को कहा है। इसी क्रम में अतिक्रमण हटाने के लिए रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि डीएम ने मानसून को देखते हुए ऐसे अतिक्रमण जो पूरी तरह नाले के अंदर हैं, बारिश में जान माल का खतरा हो सकता है, मुनादी कर हटाने के निर्देश दिए हैं।



रकसिया नाले के पास किए जा रहे अवैध निर्माण की जांच करतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

#### 29 जून से 10 जुलाई तक होगी जांच, सही मिली जमीन तो निरस्त होंगे नोटिस

**हल्द्वानी :** सरकारी अधिकारी 29 जून से 10 जुलाई तक पक्षकारों की ओर से दिए अभिलेखों की जांच कर अतिक्रमणों की श्रेणीवार सूची बनाएंगे, जिनमें अतिक्रमण की गंभीरता व हटाने की प्राथमिकता तय की जाएगी। साथ ही भूमिधरी भूमि या अन्य मालिकाना अधिकार वाली भूमि का सत्यापन भी किया जाएगा। सत्यापन में जिसके अभिलेख सही पाए जाएंगे, उनको दिए नोटिस समाप्त किए जाएंगे।

#### 23 से 29 जून तक कैंप लगाए जाएंगे

चिह्नित स्थानों पर नगर निगम, राजस्व व सिंचाई विभाग की ओर से कैंप लगाकर अतिक्रमणकारियों को अभिलेख, आपत्ति पेश करने का अवसर दिया जाएगा।

#### 10 जुलाई से 25 जुलाई तक होगा सत्यापन

**हल्द्वानी :** अभिलेखों की जांच के बाद स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय सत्यापन होगा ताकि नालों पर वास्तविक अतिक्रमणों को चिह्नित किया जा सके।

#### 25 जुलाई से होगा आपत्तियों का निस्तारण

**हल्द्वानी :** सभी पक्षों को सुनने के बाद प्रत्येक व्यक्ति की आपत्ति का निराकरण सत्यापन और सर्वे के अनुरूप संबंधित विभागों की ओर से किया जाएगा।

#### अगस्त के दूसरे सप्ताह में बनाई जाएगी कार्ययोजना

अगस्त के दूसरे सप्ताह तक तैयार कार्ययोजना और विकल्पों पर विचार को हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक कर उपयुक्त विकल्प चुना जाएगा। जिस पर अतिक्रमण हटाते हुए नालों से वर्षाजल निकासी की कार्ययोजना पर काम किया जाएगा।

# डीएम मैडम जो रिश्वत दे रहा, उसी के बन रहे कार्ड



राशन कार्ड को लेकर डीएम से शिकायत करतीं पार्षद प्रीति आर्या। ● अमृत विचार

- कहा, राशन कार्ड के लिए विभाग के चक्कर काट परेशान हुए लोग
- जिलाधिकारी ने डीएसओ को कार्यवाही के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खाद्य आपूर्ति विभाग की मनमानी पर शिकंजा कसने व राशन कार्ड बनवाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने डीएम से शिकायत की। इस पर डीएम ने डीएसओ को कार्यवाही के निर्देश दिए।

राजेंद्र नगर की पार्षद प्रीती आर्या ने डीएम वंदना को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जनता राशन कार्ड बनाने के लिए चक्कर काटती रहती है। दस्तावेजों की भारी भरकम सूची थमा दी जाती है ऐसे में लोग उन दस्तावेजों को पूरा करने के लिए चक्कर ही काटते रहते हैं। आरोप लगाया कि जो रिश्वत दे रहा है, उनका राशन कार्ड बन जाता है। यह भी कहा कि खाद्य गोदामों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा नहीं है जिस वजह से सस्ता गल्ला विक्रेता को प्रत्येक बोरे में तीन-चार किग्रा राशन कम मिलता है, फिर विक्रेता जनता का राशन काट देता है। सफेद व गुलाबी कार्ड धारकों को पीले कार्ड धारकों के राशन वितरित करने की शिकायत की।

इस पर डीएम वंदना ने डीएसओ को नियमानुसार कार्यवाही व शिकायतों की जांच के लिए कहा। इस दौरान हेमंत साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी का तबादला



**हल्द्वानी :** पीसीएस अधिकारी अब्ज प्रसाद बाजपेयी का तबादला किच्छा शुगर मिल के प्रधान प्रबंधक के पद पर किया गया है, वह हल्द्वानी में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे। शुक्रवार की देर रात कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह पतियाल की ओर से जारी निर्देशानुसार हल्द्वानी में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात एपी बाजपेयी का तबादला किच्छा शुगर मिल के प्रधान प्रबंधक के पद पर कर दिया गया है। उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पूर्व वह कुमाऊं मंडल विकास निगम में महाप्रबंधक व हल्द्वानी में एसडीएम के पद पर तैनात रह चुके हैं। उन्होंने शनिवार को किच्छा शुगर मिल प्रबंधन का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### प्रवर्तन कार्रवाई में 90 चालान, 3 वाहन हुए सीज

**हल्द्वानी :** संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा के निर्देश पर शनिवार को परिवहन विभाग ने प्रवर्तन अभियान चलाया। एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान के नेतृत्व में हल्द्वानी–नैनीताल क्षेत्र में चलाए गए अभियान में कुल 90 चालान और 3 वाहन सीज किए गए। जिसमें ओवरलोड, प्रेशर हॉर्न, रैश ड्राइविंग, बिना परमिट, बिना हेलमेट और बिना टैक्स भुगतान वाहन चलाने समेत नो पार्किंग, मोबाइल प्रयोग कर वाहन चलाने, ध्वनि और वायु प्रदूषण के अभियोगों में कार्रवाई की गई। टीटीओ नंदन आर्य, टीएसआई रामचंद्र सूर्या और गिरीश कांडपाल शामिल रहे।

### 25 जून से झांसी के लिए चलेगी ट्रेन : अजय टम्टा

**हल्द्वानी :** सांसद अजय भट्ट ने बताया कि लालकुआं से झांसी के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 25 जून से किया जाएगा। लालकुआं से झांसी के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन ( ट्रेन ऑन डिमांड) आगामी बुधवार को लालकुआं से 12 :20 बजे रवाना होगी जो कि बरेली कासगंज, मथुरा, आगरा, ग्वालियर होते हुए झांसी पहुंचेगी। इस नई ट्रेन से जहां यातायात सुगम होगा। वही व्यापार में भी बढ़ावा मिलेगा।

# ममेरे भाई की बहन पर बुरी नजर, जीजा को दी धमकी

- फोन कर अपनी ही बहन से करता है अश्लीत बातें, ऐतराज जताने पर आरोपी ने धमकाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ममेरे भाई पर अपनी ही बहन पर बुरी नजर डालने का आरोप लगा है। जीजा ने इस पर ऐतराज किया तो उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। फोन पर हुई पूरी बातचीत पीड़ित ने रिकार्ड कर ली। तहरीर के आधार पर काठगोदाम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से बागेश्वर निवासी पीड़ित हिम्मतपुर मल्ला में पत्नी व परिवार के साथ रहता है। पुलिस को दी तहरीर में उसका कहना है कि उसकी पत्नी कुछ दिनों से काठगोदाम स्थित अपने मायके में रह रही है। बुलाने पर वह पत्नी से मिलने गया। बातचीत के उसने पत्नी से लक्ष्मण सोरागी के बारे में पूछा। पत्नी ने बताया कि वह उसका ममेरा भाई है। उन्होंने पत्नी के नंबर से लक्ष्मण को फोन किया और कहा, कि अपनी बहन से अश्लील बातें कौन करता है, कौन बहन को आई लव यू बोलता है। यह पूछते ही आरोपी ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद फोन कर लक्ष्मण, अपनी बहन और जीजा को धमकाने लगा। गाली-गलौज करते हुए जान से मरने की धमकी देने लगा। फिर मैसेज कर कहा , अगर एक बाप की औलाद है तो फोन उठा। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# विधायक ने जज फार्म में लगाया जन शिविर

- अधिकारियों को दिए समस्याओं के समाधान के निर्देश
- जलभराव, बिजली, पानी की समस्याएं उठाई लोगों ने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने शुक्रवार को जज फार्म स्थित जन मिलन केंद्र में जनशिविर लगाया। इसमें जलभराव, बिजली, पानी की समस्याओं के निदान पर जोर दिया गया।

विधायक भगत ने विद्युत अधिकारियों को महाकाली बैंक्वेट हॉल व ए ब्लॉक में लो-वोल्टेज की समस्या दो दिनों में ठीक करने के निर्देश दिए। जज फार्म और बी ब्लॉक में पेयजल की आपूर्ति नियमित करने को कहा। उन्होंने सिंचाई विभाग को रूपनगर, जेके पुरम में गूलों की सफाई के लिए कहा ताकि अतिक्रमण व जलभराव से निजात मिल सके। नगर निगम को सोख्ता बनाने को कहा। लोनिवि को अनापत्ति देने के लिए कहा गया जिससे जल जीवन मिशन के तहत एडीबी के निर्माण को जल्द पूरा कर सड़क मरम्मत की जा सके।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है। सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पार्षद रेखा बिनवाल, राजेश पंत, बृज मोहन कोहली, विश्वभर कांडपाल, नारायण दत्त किरौला, उमेश बिनवाल, भगवान बोरा, अनुज भट्ट, जल संस्थान ईई रवि शंकर लोसाली, विद्युत विभाग ईई बेगराज, लोनिवि ईई प्रत्यूष कुमार रहे।



हल्द्वानी के जज फार्म स्थित जन मिलन केंद्र में जनशिविर में मौजूद विधायक बंशीधर भगत व अन्य। ● अमृत विचार

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया प्लंबर, जान गई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर से अपने दो भाइयों के साथ पिथौरागढ़ काम करने गया प्लंबर 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। बरवाला केलाखेड़ा निवासी रिंकू (34) पुत्र मुन्ना यहां पत्नी अनीता व पांच भाइयों के साथ रहता था।

रिंकू के बड़े भाई मुकेश ने बताया कि वह, रिंकू और परकेश के साथ काम करने गया था। घटना के दिन वह रिंकू से करीब दो किमी दूर काम कर रहा था। 16 जून को एक भवन में टंकी लगानी थी और रिंकू सीढ़ी लेकर छत पर चढ़ रहा था कि तभी छत के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आ गया। उसे पिथौरागढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां उसकी मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उन्होंने शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

# रकसिया में चेतावनी के लिए लगाया बोर्ड

- रकसिया नाले का किया जाएगा चैनलाइजेशन
- नाले के किनारे बनीं झुग्गियों को खाली करने को कराई मुनादी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मानसून के दौरान रकसिया नाले के उफान में आने से हर साल यहां नाले के किनारे बसे लोगों का नुकसान होता है। कई बार पानी के बहाव से किनारे बने घर भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और जान-माल की हानि होती है। इस नुकसान से स्थानीय लोगों को बचाने के लिए नगर निगम रकसिया नाले का चैनलाइजेशन करेगा। जिसमें नाले के दोनों तरफ मलबा इकट्ठा कर पानी के बहाव को घरों की ओर जाने से रोका जाएगा। जिससे मानूसन के दौरान नुकसान से बचा जा सके। साथ ही नगर निगम की ओर से क्षेत्र में मानसून के दौरान नाला पार नहीं करने और इसके आसपास नहीं जाने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाया जा रहा है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे नाले के किनारे बने झुग्गियों को खाली कर लें। इसे लेकर बीते शुक्रवार को क्षेत्र में मुनादी भी कराई गई।



रोडवेज स्टेशन तक हो रहे चौड़ीकरण का निरीक्षण करतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

#### नगर आयुक्त ने चौड़ीकरण का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शनिवार को मंगल पड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण किया। मंगल पड़ाव के पास स्थित नानक स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट की दुकान का कुछ हिस्सा चौड़ीकरण की जद में आ रहा है। जिसे दुकान स्वामी की ओर से तोड़ना शुरू कर दिया गया है। इसी तरह कालाढूंगी रोड में होटल ओके के पास भी दुकान स्वामियों की ओर चौड़ीकरण की जद में आ रहे दुकान के हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया है। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, सफाई निरीक्षक चतर सिंह मौजूद रहे।

#### गायब मिले 12 सफाई कर्मचारी, रोका वेतन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शनिवार को वार्ड 18 में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। जिस दौरान कार्यरत कुल 17 सफाई कर्मचारियों में से केवल 5 कार्मिक ही उपस्थित पाए गए। इस पर नगर आयुक्त ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोकने के आदेश दिए और वार्ड के सफाई नायक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मानसून सीजन में इस तरह की लापरवाही किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आयोग के उपाध्यक्ष के समक्ष रखी मांगें

**हल्द्वानीः** सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर वार्ड 27 के पार्षद रोहित कुमार ने राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सभी विभागों में सफाई कार्य में व्याप्त ठेका प्रथा को समाप्त किए जाने की मांग की।


उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को बहाल किए जाने, सफाई कर्मचारी का विशेष पद घोषित कर मृतक के आश्रितों को नियुक्ति दिए जाने, सालों से प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षकों का कनिष्ठ लिपिक व चालकों का कार्य कर रहे पर्यावरण मित्रों को पदोन्नति दिए जाने की मांग की। सालों से कार्यरत संविदा सफाई कर्मी, चालक, मोहल्ला स्वच्छता समिति और आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए। उपाध्यक्ष ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# चार कॉलोनियों में लगे ट्रांसफॉर्मर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गर्मी के इस मौसम में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब बड़ी राहत मिली है। शनिवार को यूपीसीएल की ओर से शहर के पंचक्की क्षेत्र स्थित शिवालिक कॉलोनी में 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया।

ट्रांसफॉर्मर लगाने के दौरान चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, लेकिन काम पूरा होते ही उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। यूपीसीएल के अधिकारियों के अनुसार, इस ट्रांसफॉर्मर से शिवालिक कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की गुणवत्ता बेहतर होगी और लो-वोल्टेज के साथ बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। इससे पहले भी बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के उद्देश्य से शिवाशीष, जज फार्म बी ब्लॉक और जज फार्म सी ब्लॉक तीन और कॉलोनियों में 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर लगाए जा चुके हैं। इन इलाकों में भी लगातार ट्रिपिंग और वोल्टेज में गिरावट की शिकायतें मिल रही थीं, जिन्हें अब दूर कर लिया गया है। यूपीसीएल ग्रामीण की एसडीओ शुभा जोशी ने बताया कि जिन कॉलोनियों में लो-वोल्टेज की समस्या आ रही थी, उन जगह नए ट्रांसफॉर्मर लगा कर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान कर दिया गया है। शहर के अन्य प्रभावित इलाकों की भी पहचान की जा रही है, जहां आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफॉर्मर बदले जाएंगे या नई लाइनें बिछाई जाएंगी।



शिवालय कॉलोनी में यूपीसीएल द्वारा लगाया जा रहा नया ट्रांसफॉर्मर। ● अमृत विचार

### राज्य स्तरीय अंडर 17 हॉकी प्रतियोगिता कल से शुरू होगी

**हल्द्वानीः** राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 जून से 25 जून 2025 तक शहर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद की टीम भाग लेगी।

22 जून को सुबह 9 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है। खेल विभाग ने जनपद के हॉकी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे समय से पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लें।

**अधिसूचना जारी** पहले चरण में बेतालघाट, ओखलकाण्डा, रामगढ़, धारी व दूसरे में हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल, कोटाबाग में चुनाव

# नैनीताल जिले में दो चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में बेतालघाट, ओखलकाण्डा, रामगढ़ एवं धारी और दूसरे चरण में हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल एवं कोटाबाग में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होंगे। हालांकि इसकी अधिकृत सूचना सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी की जाएगी।

जिला प्रशासन ने चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। चुनाव ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। पहले चरण में 10 जुलाई को बेतालघाट, ओखलकांडा, रामगढ़ व धारी के जिपं सदस्यों के 13, बीडीसी सदस्यों के 126, ग्राम प्रधान के 250 पदों के लिए चुनाव होंगे। वहीं, दूसरे चरण में 15 जुलाई को हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल व कोटाबाग के जिपं सदस्यों के 14, बीडीसी सदस्यों के 137 और ग्राम प्रधान के 225 पदों के लिए चुनाव होंगे। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो जनपद में 427421 मतदाता ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जिपं सदस्यों का चुनाव करेंगे।

**जिले में ग्राम, क्षेत्र एवं जिला पंचायतों की सूची**

| ब्लॉक का नाम | ग्राम पंचायत | क्षेत्रपंचायत | जिला पंचायत | मतदाता |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| ओखलकांडा | 75 | 36 | 4 | 40688 |
| धारी | 41 | 27 | 3 | 27076 |
| रामगढ़ | 59 | 31 | 3 | 31806 |
| बेतालघाट | 75 | 32 | 3 | 39806 |
| भीमताल | 60 | 38 | 4 | 38186 |
| हल्द्वानी | 60 | 39 | 4 | 120915 |
| कोटाबाग | 55 | 29 | 3 | 53318 |
| रामनगर | 50 | 31 | 3 | 75626 |
| कुल | 475 | 263 | 27 | 427421 |

(नोट :- यह आंकड़े मार्च में जिला प्रशासन की ओर से जारी किए गए थे। मतदाताओं की संख्या में संशोधन भी हो सकता है।)




### फर्जी बिल भेजने वालों पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** डहरिया निवासी प्रकाश सिंह चौहान को बिजली विभाग की ओर से 23.12 लाख रुपये का बिल मिलने से हड़कंप मच गया। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चाएं हुईं। अब इस प्रकरण में ऊर्जा निगम ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में तहरीर दी है।

ऊर्जा निगम के अवर अभियंता धीरज पंत ने शुक्रवार को पुलिस को दी लिखित शिकायत में कहा कि बिल को लेकर शरारती तत्वों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर विभाग की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

# किशोरी के अपहरण का आरोप, जमकर हंगामा

- समुदाय विशेष को युवक पर लगा है आरोप
- लापता किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में समुदाय विशेष का किशोर, पड़ोस में रहने वाली किशोरी को लेकर फरार हो गया। घटना सामने आने के बाद लोगों ने हंगामा किया। मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार बंटाई पर खेती करता है। जबकि पड़ोस में समुदाय विशेष का भी एक परिवार रहता है। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने पड़ताल शुरू की तो पता लगा शाम से ही समुदाय विशेष का किशोर भी लापता है। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों ने हंगामा किया और थाने पहुंच गए। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि किशोरी के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# गिरफ्तारी पर रोक जारी रहेगी, दो हफ्ते में पूरी करें जांच: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

- हाईकोर्ट ने आरटीआई एक्टिविस्ट भुवन पोखरिया की गिरफ्तारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले पर की सुनवाई



**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आरटीआई एक्टिविस्ट व सामाजिक कार्यकर्ता भुवन पोखरिया की गिरफ्तारी पर रोक और दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पोखरिया की गिरफ्तारी पर लगी रोक को जारी रखते हुए सरकार से दो सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है।

मामले के अनुसार, चोरगलिया निवासी सुधीर जांगी व एक अन्य द्वारा पोखरिया व दो अन्य ग्राम प्रधानों के खिलाफ यह कहकर मुकदमा दर्ज कराया गया था कि इन्होंने एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जबकि याचिका में कहा गया कि यह मुकदमा झूठा है। क्षेत्र के लोग अपनी मांग को लेकर जनप्रतिनिधि से शिकायत करने जा रहे थे। जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का समय दिया। 27 अक्टूबर 2024 को जनप्रतिनिधि ने सभी क्षेत्रवासियों की एक स्कूल में मीटिंग बुलाई कि सभी पशुपालकों को पुरस्कार राशि दी जाएगी, जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। आरोप है कि जनप्रतिनिधि जनाक्रोश को देखकर बिना बोनस दिए सभा से चले गए। जब इसका विरोध समाज के जागरूक नागरिकों द्वारा किया गया तो उनके खिलाफ चोरगलिया थाने में विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज करा दिया गया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# इंटरप्रिटेशन सेंटर में प्रवेश को डिजिटल बुकिंग

## पर्यटक अब क्यूआर कोड को स्कैन कर प्राप्त करेंगे ऑनलाइन टिकट, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने शुरू की पहल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** प्रकृति और वन्यजीवों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए संचालित कॉर्बेट इंटरप्रिटेशन सेंटर धनगढ़ी अब डिजिटल इंडिया की दिशा में एक और कदम बढ़ा रहा है। अब तक धनगढ़ी से मैनुअल परमिट जारी कराकर ही पर्यटकों को संग्रहालय का भ्रमण संभव था, लेकिन अब इस प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। पर्यटक अब गेट पर लगे क्यूआर कोड को अपने फोन से स्कैन कर कॉर्बेट इंटरप्रिटेशन सेंटर धनगढ़ी के भ्रमण के लिए तत्काल ऑनलाइन टिकट प्राप्त कर सकते हैं। टिकट के शुल्क का भुगतान उनके द्वारा यूपीआई कोड के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद उन्हें डिजिटल टिकट अपने फोन पर प्राप्त होगा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के कर्मचारी उक्त टिकट को स्कैन कर आगंतुकों को धनगढ़ी म्यूजियम में प्रवेश देंगे।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि प्रतिवर्ष धनगढ़ी म्यूजियम में 70 से 80 हजार पर्यटक आते हैं। इससे सरकार को 75-80 लाख का राजस्व भी प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा न केवल बुकिंग प्रक्रिया को आसान एवं पेपर लैस बनाएगी, बल्कि पर्यटकों को सुगमता भी प्रदान करेगी। साथ ही यह व्यवस्था कर्मचारियों के लिए भी प्रवेश को बेहतर ढंग से प्रबंधन करने में भी मददगार रहेगी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने के अभियान में एक मजबूत कदम होगा। इंटरप्रिटेशन सेंटर में पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं। भारतीय नागरिक 100 रुपया प्रति व्यक्ति, विदेशी नागरिक 200 रुपया प्रति व्यक्ति, 12 वर्ष से 18 वर्ष आयु के बच्चे का शुल्क 25 रुपये व छात्र 18+ (मान्य छात्र पहचान पत्र सहित) 50 रुपये व वरिष्ठ नागरिक के लिए 50 रुपये निर्धारित है।


कॉर्बेट इंटरप्रिटेशन सेंटर। ● अमृत विचार



फ्लैग मार्च के दौरान मौजूद वन कर्मियों की टीम। ● अमृत विचार

## वन्य जीव सुरक्षा को सीटीआर कर्मियों ने किया फ्लैग मार्च

**रामनगर, अमृत विचार :** पर्यटन गतिविधियां अब अपने अंतिम चरण में होने के बाद कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने अब पूरा ध्यान वन्यजीव संरक्षण की दिशा में लगा दिया है। इसके तहत कालागढ़ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के नेतृत्व में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व शिकारियों, वन तस्करों की अवैध गतिविधियों को विफल करने के उद्देश्य से कालागढ़ रेंज, झिरना रेंज, ढेला रेंज, एसओजी, अमानगढ रेंज, तराई पश्चिमी जसपुर, पतरामपुर एवं फाटो रेंज स्टाफ द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च लालढांग वन परिसर से सुबह नौ बजे से शुरू होकर शाम साढ़े तीन बजे वन विश्राम भवन कालागढ़ में समाप्त हुआ। मार्च के दौरान वन परिसर लालढांग से ढेला ग्राम, 14 नंबर बेलघट्टी, गुजर कैंप गुजर झाल में चेकिंग करते हुए, कुंभगडार, शिवनाथपुर, मालधन, तराई पश्चिमी 44 फाटो रेंज, झुल्लुखत्ता, पतरामपुर, जसपुर, केहरीपुर, अमानगढ़ वन विश्राम भवन होते हुए ग्राम लालबाग, मालौनी, मीरापुर, भिक्कावाला क्षेत्र में सघन कांबिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिंदर पाल उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, मनीष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़, नंद किशोर रूवाली, वन क्षेत्राधिकारी, झिरना रेंज, नवीन चंद्र पांडे, वन क्षेत्राधिकारी ढेला रेंज, अंकिता किशोर वन क्षेत्राधिकारी, अमानगढ रेंज, श्याम लाल, उप वन क्षेत्राधिकारी, तराई पश्चिमी, जसपुर, फांटो रेंज महेश चंद्र जोशी, नवीन चंद्र पपनै, किशोरी लाल, वन दरोगा सुदेश कुमार, महेश चंद्र, हरेंद्र सिंह रावत, वजाहद अली, विवेक कुमार, सहनवाज, दीपक भट्ट आदि मौजूद रहे।

# चुनावों में मजबूती से उतरेगी उपपा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अग्रवाल सभा भवन में आयोजित उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की बैठक में पंचायत व विधान सभा चुनावों में उतरने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सभी की एक राय थी कि प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश भी बहुत खराब दौर से गुजर रहा है। शिक्षा और रोजगार चौपट है। पूरे देश सांप्रदायिकता की आग में झुलस रहा है और इसके लिए मिलकर संघर्ष की आवश्यक्ता है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनावों में उपपा अपने सीमित संसाधनों के बावजूद पुरजोर तरीके से हिस्सेदारी करेगी तथा ईमानदार एवं कर्मठ नेतृत्व को ग्राम पंचायतों तथा क्षेत्र पंचायतों में लाने का प्रयत्न करेगी। कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों ( कांग्रेस तथा भाजपा ) से इतर उत्तराखंड से जुड़ी सभी क्षेत्रीय पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयत्न किया जाएगा। केंद्रीय प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी ने कार्यकर्ताओं से पंचायती चुनावों को गंभीरता से लेने तथा उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियों को एकजुट कर एक मंच पर लाने के प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया। बैठक में कुलदीप मधवाल, दिनेश उपाध्याय, अशोक डालाकोटी, दीवान सिंह खनी, अमीनुरहमान, चिंताराम, केएन भट्ट, सीपी आर्या, बसंत खनी, लाखन चिलवाल, अनिल पाठक, सुनील पर्नवाल लालमणी, एसआर टम्टा, प्रकाश जोशी, पृथ्वी पाल, तहसीन खान, मोहन सजवान, मोहम्मद आसिफ, लालता श्रीवास्तव तथा नारायण राम ने भागीदारी की। बैठक को पत्रकार चारू तिवारी, स्वाभीमान पार्टी के बलदेव राज सूद (हिमांचल प्रदेश) एवं रायपुर (छत्तीसगढ़ ) के पूर्व विधायक विरेंद्र पांडे ने भी संबोधित किया।


बैठक में विचार रखते उपपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# प्रदेश की दशा-दिशा को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता, रामनगर

- क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू
- मिशन उत्तराखंड 2027 को लेकर भी हुआ विमर्श

**अमृत विचार :** प्रदेश के शहीदों के सपनों को साकार करने व मिशन उत्तराखंड 2027 में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकार बनाने को लेकर क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। इसमें प्रदेश की दशा-दिशा को लेकर चर्चा की गई।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी की अध्यक्षता एवं सामाजिक कार्यकर्ता चारु तिवारी के संचालन में उत्तराखंड की दशा-दिशा, मिशन उत्तराखंड 2027 को लेकर विमर्श शुरू हुआ। प्रभात ध्यानी ने बताया कि बैठक में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश जुयाल, उत्तराखंड लोक वाहिनी के अध्यक्ष राजीव लोचन शाह, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के महासचिव जेसी उप्रेती, स्वाभिमान पार्टी, भारत गठबंधन के संयोजक बलदेव राज सूद, पूर्व विधायक मध्य प्रदेश बीपी पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता आरपी सिंह संस्थापक हम, जन मैत्री संगठन के बच्ची सिंह बिष्ट, राकेश ध्यानी उत्तराखंड जन सैनिक सामान्य समिति, डीके जोशी एडवोकेट हाईकोर्ट, सुरेश चंद्र मठपाल, पीसी जोशी अध्यक्ष कंडी सड़क संघर्ष समिति, आर्येंद्र शर्मा , दिनेश उपाध्याय, कुलदीप मधवाल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग भाग ले रहे हैं। प्रभात ध्यानी ने बताया कि सम्मेलन रविवार तक चलेगा।

## अभियान में कच्ची शराब के साथ दो धरे

**रामनगर, अमृत विचार :** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज कर दिया है। शिवनाथपुर नई बस्ती मालधन, छोई तथा गांधी नगर में आबकारी टीम ने घरों में दबिश दी। घरों में अवैध रुप से कच्ची शराब रखी मिली। टीम ने गांधीनगर और नईबस्ती शिवनाथपुर आदि स्थानों पर अवैध कच्ची शराब बेचने वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। घर में शराब बेच रहे मोहन सिंह पुत्र मदन राम निवासी नई बस्ती शिवनाथपुर चंद्र नगर मालधन से 30 पाउच कच्ची शराब बरामदगी कर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। भावनीगंज वन निगम में आबकारी ने दबिश दी। टीम ने सोनू पुत्र रामभरोसे निवासी चिलकिया से 35 पाउच कच्ची शराब बरामदगी की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक उमेश पाल, अलका शर्मा , जगवती व कुंवर बोहरा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### देवकी को मिलेगा मथुरादत्त स्मृति साहित्य सम्मान



**रामनगर :** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कुमाउनी के वरिष्ठ साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में दिया जाने वाला साहित्य सम्मान इस वर्ष कुमाउनी की वरिष्ठ कवयित्री देवकी मेहरा को दिया जाएगा। यह निर्णय उत्तराखंडी लोकभाषाओं की चिन्याण पछ्याण के लिए समर्पित संस्था दुदबोली की कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। पर्वतीय सभा लखनपुर में हुई बैठक में तय किया गया कि मेहरा को यह सम्मान मथुरादत्त मठपाल की 84वीं जयंती पर हल्द्वानी में होने वाले एक कार्यक्रम में दिया जाएगा। पेशे से शिक्षिका रहीं 88 वर्षीय देवकी मेहरा ने हिंदी और कुमाउनी दोनों ही भाषाओं में रचना की है। बैठक में प्रो. गिरीश चंद्र पंत, दुदबोली पत्रिका संपादक चारु तिवारी, निखिलेश उपाध्याय, भुवन पपनै, नवीन तिवारी, नवेंदु मठपाल, सीपी खाती व नंदराम आर्य मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक दीवान सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### विधायक बिष्ट ने किया नलकूप का शुभारंभ

**रामनगर :** ग्राम आमपोखरा भवानीपुर खुल्बे ग्राम सभा में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने 40 हेक्टयेर भूमि सिंचित एवं पेयजल नलकूप का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। विधायक बिष्ट ने कहा कि अब सिंचाई और पेयजल की किल्लत से किसानों को छुटकारा मिलेगा। इस दौरान नलकूप पेयजल की अधिशासी अभियंता प्रिया, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, शिशुपाल सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र चौहान, मंडल महामंत्री कपिल रावत, पूर्व प्रधान मुकेश रावत, डॉक्टर सतबीर, कैप्टन विक्रम सिंह नेगी, मंजू रावत, मीना रावत, शंकर सिंह रावत, सूरजपाल व नरेश मौजूद रहे।



नशे के खिलाफ शपथ दिलातीं तहसीलदार मनीषा मरकाना। ● अमृत विचार

### नशे के खिलाफ जागरूक हों लोग: तहसीलदार

**रामनगर :** हर प्रकार का नशा युवाओं की जड़ों को खोखला कर रहा है। नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक होना चाहिए। खासकर अभिभावक इस बात पर खास ध्यान दें कि किशोरावस्था से युवावस्था में प्रवेश कर रहे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। यह बात तहसीलदार मनीषा मरकाना ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। कानिया में आयोजित शिविर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी इंद्रजीत गौतम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभाव, उसे रोकने और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शिविर में सभासद विक्रम भट्ट, हेमंत बिष्ट ने लोगो को बढ़ते नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया।

**आयोजन** — राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक नाबार्ड के तत्वावधान में आयोजित की गई कार्यशाला

# सहकारी समितियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक नाबार्ड के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सहकारी समितियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

प्रगतिशील संस्था के सहयोग से सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए घोड़ानाला बिंदुखत्ता में आयोजित कार्यशाला में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने कहा कि किसान सहकारी समिति बनाकर अपनी फसल का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही किसान उत्पादक संगठन बनाकर अपने कृषि उत्पाद की प्रोसेसिंग कर अच्छा बाजार भाव कमा सकते हैं। नैनीताल डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक हल्दूचौड़ शाखा के प्रबंधक अशीष बिष्ट ने कहा कि बैंक सहकारी समितियों के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए ऋण देता है। इसका लाभ किसान आसानी से उठा सकते है। नैनीताल डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक बिंदुखत्ता के शाखा प्रबंधक अश्वनी जोशी ने सहकारी समितियों से बैंकों की योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यवसाय बढ़ाने का आह्वान किया। बहुउद्देशीय सहकारी समिति हल्दूचौड़ के चेतन बमेटा ने कहा कि किसानों के हित में उनकी समिति कार्य कर रही है। संचालन प्रगतिशील संस्था के शशि कुमार सिंह रावत ने किया। कार्यक्रम में रेखा देवी, विमला रावत, जगदीश चंद, इंदर सिंह रावत, शंकर कुमार, किशन सिंह, संजय कुमार, दुर्गा सिंह ठगुन्ना, पूरन सिंह बोरा, जानकी रावत, हेमा बोरा, तुलसी अधिकारी, लीला रजवार, ममता लटवाल, लीला रौतेला, पार्वती बिष्ट, अनीता खाती, बबीता रजवार, कविता धामी, तन्नू परिहार, आशा देवी, जगदीश सिंह, रणजीत सिंह, प्रेम सिंह परिहार, जीवन सिंह दानू आदि मौजूद रहे।


किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

### पर्यटक का किया चालान

**नैनीताल :** मुरादाबाद से बिना नंबर प्लेट की बाइक पर घूमने आए एक पर्यटक का पुलिस ने चालान किया है। बुधवार को मल्लीताल क्षेत्र स्थित पुराने घोड़ा स्टैंड पर चेकिंग कर रही पुलिस को एक बिना नंबर प्लेट की बाइक दिखाई दी। पुलिस को देखते ही बाइक सवार युवक भागने की कोशिश करने लगा। कोतवाली पुलिस ने उसे रोक लिया। उधर, इस संबंध में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि बाइक सवार मुरादाबाद निवासी राजू मौर्या का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया है।

### पत्थर गिरने से ग्रामीण की मौत

**पिथौरागढ़ :** गाय चराने गए एक ग्रामीण की चट्टान से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, नारायण सिंह (25) पुत्र गौर सिंह, ग्राम जुम्मा, तोक जामुनी तहसील धारचूला, शनिवार सुबह करीब 8 बजे तहसील धारचूला के अंतर्गत ग्राम जुम्मा तोक जामुनी के पास गाय चराने के लिए गया था। इसी दौरान यह घटना हुई।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को योग करती युवती। ● अमृत विचार



नैनीताल में योग महोत्सव में योग करते सांसद अजय भट्ट, आयुक्त दीपक रावत व अन्य।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगदंबा नगर स्थित बैंक्वेट हाल में योग करते संत निरंकारी मिशन के सदस्य।

# योग मानसिक व आत्मिक संतुलन का माध्यमः भट्ट

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नैनीताल डीएसए मैदान समेत विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास, लोगों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नैनीताल में भी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम नैनीताल डीएसए मैदान में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को भारत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई है।

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया अभियान आज विश्व स्तर तक पहुंच गया है। कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह मानसिक, आत्मिक और सामाजिक संतुलन का माध्यम है। विधायक सरिता आर्य ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री, दिनेश आर्य, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. एमएस गुंज्याल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, मोहित साह, भरत मेहरा, विक्की आदि मौजूद रहे। इधर, नैनीताल में स्कूली छात्र-छात्राओं ने नैनी झील किनारे योग की विभिन्न मुद्राएं कर पर्यटकों को योग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पर्यटकों ने भी योग किया।



नैनी झील किनारे योग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



इंस्पीरिशन स्कूल में भी हुआ योगाभ्यास। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अजय योग एवं फिटनेस सेंटर की ओर से डहरिया स्थित बैंक्वेट हॉल में विशेष योग शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक सुमित हृदयेश, इंस्पिरेशन स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया ने किया। योगाचार्य अजय ने लोगों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों का योग प्रदर्शन रहा। इस दौरान शालिनी कंवल, दीपक, आनंद, ज्योति, गौरव, द्रौपदी गोयल, मनोज केसरवानी, रश्मि मर्तोलिया, विजय जयसवाल, भारती सतवाल, मनीष मर्तोलिया, गौरव मर्तोलिया, मनीष मित्तल, गुरमीत सिंह, विकास तिवारी आदि रहे। इधर, भारत विकास परिषद की काठगोदाम शाखा ने नैनीताल रोड स्थित एक होटल में योग शिविर लगाया। इसमें योगाचार्य पारुल सचदेवा ने योग के आसन सिखाए। इस दौरान रश्मि जैन, राजेश अग्रवाल, नीलम शर्मा, गरिमा सिंघल, दीपक माहेश्वरी, ममता खुल्लर, अलका माहेश्वरी, रमेश शर्मा, दीपक बिष्ट,जितेन्द्र डीरोलिया, नीरज शारदा, डॉ भारत भूषण, विशाल सिंघल रहे।

काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में योग दिवस पर शिविर लगाया गया। इसमें योगाचार्य रश्मि कर्नाटक पहले सूक्ष्म व्यायाम फिर विभिन्न योग क्रियाएं और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. विनय खुल्लर, डॉ. निवेदिता, डॉ. नेहा उपाध्याय, डॉ. महेन्द्र बोरा, डॉ. गुंजन ओली, डॉ. अनामिका तुली, हरीश परगाई, अंकिता जोशी, तारा पांडे, रूपा शर्मा, नरेन्द्र, हिताक्षी, पूर्णिमा, रोमा शर्मा, अनवर मेसी, कमल सजवान रहे।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि की ओर से हरगोविंद सुयाल स्कूल में कार्यक्रम हुआ। इसमें मेयर गजराज सिंह बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। योगाचार्य आरपी जोशी ने विभिन्न प्रकार के आसन , प्राणायाम कर योगाभ्यास कराया। इस दौरान पूरन सिंह रावत, बीडी जोशी, डीएस खाती, हरीश चन्द्र पंत आदि रहे।

### एनएसटीआई में कराया योगासन व प्राणायाम का अभ्यास

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संस्थान के समस्त स्टाफ और प्रशिक्षुओं ने योग सत्र में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रसिद्ध टीम–एसडीडीएवआई शिक्षक रानी उपाध्याय, महर्षि महेश योगी स्कूल ग्रुप रानीबाग–अमृतपुर से आमंत्रित थीं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि यह जीवन का एक निरंतर अभ्यास है जो मानसिक, शारीरिक व आत्मिक स्वास्थ्य प्रदान करता है। सत्र के बाद सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट वितरित किया गया।



### पर्यावरण एवं सुरक्षा समिति ने भी लगाया योग शिविर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जज फार्म पर्यावरण एवं सुरक्षा समिति के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर समिति की ओर से आमंत्रित योग शिक्षक प्रतीक ने सभी को योग करवाया। इस मौके पर पीसी जोशी, कुंदन रावत, हेम अवस्थी, कुलदीप पांडे, ललतेश प्रसाद, पीसी पंत, गीता कांडपाल, हेमा वोरा, भगवती बिष्ट, तनुजा बिश्नोई, मंजू रावत आदि उपस्थित रहे। उधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोहाघाट में पावनी भट्ट ने भी योगाभ्यास किया।

## योग दिवस पर विशेष



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा व पुलिस कर्मी।

### एसएसपी के साथ पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना परिसरों व पुलिस लाइन में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ, जहां बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान व अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस मौके पर डॉ. कंचन सूण, डॉ. ज्योत्सना कुनियाल, डॉ. कमेंद्र सक्सेना, डॉ. मनोज कुमार, एवं डॉ. नवनीत सिंह दरियाल ने प्रशिक्षक के रूप में योगाभ्यास कराया। इस मौके पर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



सिंथिया स्कूल में योग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### सिंथिया स्कूल में कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने जीवन में जरुरी दैनिक कार्य के तौर पर योग करने का प्रण लिया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने कहा कि योग सिर्फ एक दिन करने का विषय न होकर स्वस्थ मन और शरीर का विषय है इसलिए इसे अपने दैनिक जीवन में जरूर अपनाएं। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर बीबी जोशी, योग प्रशिक्षक दीपक जोशी, खेल प्रशिक्षक एसएस कपकोटी, सुरेश चन्द्र मिश्रा, बीएस बजेठा, मोहन चन्द्र जोशी, पुष्कर सिंह राजपूत, केसी पंत, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

### जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताए योग के फायदे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग और ध्यान योग का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में 275 प्रतिभागियों ने योग दिवस पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने योग व ध्यान के लाभ के बारे में बताया। विनोद त्रिपाठी ने सहज योग के उद्देश्य के बारे में बताया। जिला योग संघ के सचिव नवीन बोरा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिभागियों को टिप्स दिए। इस दौरान शुभांगिनी शाह, सुरेश चंद पांडे, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, श्याम मनु भट्ट, महेश फर्त्याल, गोविंद लटवाल, मनीष वर्मा, अंकुश रौतेला, संजय गैड़ा, हिमांशु, विमला रावत आदि मौजूद रहे।




योग कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाजपा पदाधिकारियों ने भी किया योगाभ्यास

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लालडांट रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में भाजपा के नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रशिक्षक हेमंत जोशी ने योगाभ्यास कराने के साथ ही व्यक्ति की दिनचर्या और स्वास्थ्य पर योग के प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय ने योग से निरोग, स्वस्थ मन और स्वस्थ तन के लिए सभी कार्यकर्ताओं से प्रतिदिन योगाभ्यास करने का आह्वान किया।

### निरंकारी मिशन ने आयुष विभाग के साथ किया योगाभ्यास

**हल्द्वानी :** संत निरंकारी मिशन, आयुष, योग और विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वसुदैव कुटुंबकम के सिद्धांत वन वर्ल्ड वन हेल्थ विषय के अनुसार योगाचार्या पाला मेहता के निर्देशन में जगदंबा नगर के एक हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी और विधायक बंशीधर भगत ने की । मिशन के सयोंजक आनंद सिंह नेगी सहित करीब 135 संत निरंकारी सेवादल के भाई–बहनों व एसएनसीएफ के सेवादारों एवं शहर विभिन्न सामाजिक संगठनों के 125 लोगों ने भी इस योग शिविर में भाग लिया।

### हल्द्वानी उप कारागार में बंदी महिलाओं ने किया योग

**हल्द्वानी :** हीरानगर स्थित उप कारागार परिसर में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बंदी महिलाओं को ध्यान और योगाचार्य जया जोशी ने योगाभ्यास कराया। इस मौके पर कारागार अधीक्षक प्रमोद पांडे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, कनिष्क धीगड़ा, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिला मंत्री विनीत अग्रवाल, भाजपा नगर महामंत्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष हरीश मनराल, मनोज अग्रवाल, रविंद्र श्रोत्रिय आदि उपस्थित रहे।

### एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने आर्मी कैंट में किया योग

**हल्द्वानी :** तिकोनिया स्थित आर्मी कैंट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने योग शिविर का आयोजन किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की योगा प्रभारी धर्मा कुमारी और सदस्य मनीष साहू, संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान समस्त सैन्य अधिकारियों सहित संस्था के मनीष साहू, जया जोशी, पूर्णिमा रजवार, रोहतास प्रजापति, सूरज मिस्त्री, दीपक कुमार, सुशील राय रहे।

## सार-संक्षेप




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भवाली में योग करते साधक।

### भवाली में विभिन्न संगठनों ने किया योग

**भवाली :** 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीम की ओर से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नगर पालिका भवाली के रामलीला मैदान में किया गया। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट्स, राज्य आंदोलनकारियों व व्यापारियों ने योग किया। टीम कमांडर इंस्पेक्टर तिरेपन रावत के नेतृत्व में योग कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रकाश आर्य, मोहन पाठक, संजय कुमार, सुधा आर्य, तनुजा कंनवाल, बालम सिंह मेहरा, कैलाश चंद शिवाल, कैलाश चंद्र लोहनी (योगाचार्य), लोकेश पालीवाल, कंचन शाह, आशुतोष चंदोला एवं इंद्र आर्य रहे।

### जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में मना योग दिवस

**हल्द्वानी :** जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यालय कर्मचारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रेखा पांडे, वैतनिक प्लाटून कमांडर शशि बोरा, बीओ ओमवीर सिंह, कनिष्ठ सहायक रेनू जोशी, अवैतनिक अधिकारी एसीसी विशंभर दत्त कांडपाल, पीसी सुरेंद्र सिंह, पीसी भास्कर चंद्र, पीसी हेमंती देवी, हिम्मत सिंह, दीवान सिंह सहित होमगार्ड्स और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### ऑल इंडिया वूमेंस कॉन्फ्रेंस ने किया योग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऑल इंडिया वूमेंस कॉन्फ्रेंस हल्द्वानी ने हीरा नगर स्थित पार्क में योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान सभी ने योग अपनाकर जीवन को सफल बनाने की शपथ ली। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष बिमला सांगुड़ी, नीरजा बोरा, कामिनी पाल, हेमा नेगी, निर्मला जोशी आदि उपस्थित रहे।

### महिला कॉलेज की विभिन्न इकाईयों ने किया योग

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में योग शिविर प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें कॉलेज की विभिन्न समितियों ने भाग लिया। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने योगाभ्यास करवाया। नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि योग दिवस से पूर्व कॉलेज की नमामि गंगे इकाई ने शहर के प्रमुख मंदिरों, मठों और आश्रमों में जनजागरूकता कार्यक्रम किए। प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. टीबी सिंह, प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. रश्मि पंत, डॉ. देवकी गिरी, योग विभाग प्रभारी डॉ. हिमानी, एनसीसी प्रभारी डॉ. रेखा जोशी, रेंजर प्रभारी डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. नीता रहे।



हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में योग करते साधक।

### मन, शरीर व पृथ्वी को जोड़ता है योगः प्राचार्या

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व संगीत दिवस का आयोजन किया गया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने बताया कि ये दोनों दिवस स्वास्थ्य और समरसता के प्रतीक है। योग मन, शरीर और पृथ्वी को जोड़ता है। संचालन एसएस मौर्य ने किया। कार्यक्रम में बीना नेगी चैधरी, नेत्र प्रसाद गौतम, डॉ. धीराज, दिपक देषवाल, रामकृष्ण आर्या, नितिन भगवाल, डॉ. मंजू नेगी, मुकेश आर्या, पूजा आर्या, भूवन व दीपा तनूजा आदि मौजूद रहे।

### निरोगी काया के लिए योग जरूरी

**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एवं पेपर मिल परिसर लालकुआं में योग शिविर का शुभारंभ मिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय गुप्ता ने किया। योग प्रशिक्षक जगदीश चंद्र जोशी ने विभिन्न मुद्रा में योग का मार्गदर्शन किया। प्रणव शर्मा, महेंद्र हरित, परितोष राय, अरविंद त्यागी, संजय बाजपेई और नरेश चंद्रा मौजूद थे। अंबेडकर पार्क में शिविर के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने कहा कि नियमित योग करने वाला हमेशा निरोगी रहता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, प्रशिक्षक राधेश्याम यादव, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान, लाल चंद्र सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, राजकुमार सेतिया, बॉबी संभल, राजलक्ष्मी पंडित, तारा पांडे आदि मौजूद रहे। बिंदुखत्ता भाजपा मंडल के शिविर में मुख्य अतिथि दीपेंद्र कोश्यारी ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला एवं संजीव शर्मा रहे।

## एमबीपीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किए विभिन्न आसन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एमबीपीजी कॉलेज में 24 यूके गर्ल्स एनसीसी बटालियन, 78 यूके एनसीसी बटालियन और 1 यूके एनसीसी स्क्वाड्रन की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक दीपा, योगेश्वरी जोशी, कंचन बिष्ट ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन, नाभि शोधक आदि योगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी कैप्टन डॉ. सुरेंद्र सिंह धपोला, 24 यूके गर्ल्स लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा, 1 यूके की डॉ. कामिका चौधरी, डॉ. संजय खत्री, डॉ. नरेंद्र सिंह सिजवाली, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. एसके श्रीवास्तव और राज्य विधिक लीगल सेल के काउंसलर उमा भंडारी, 78 यूके के अंडर ऑफिसर स्मिता पाठक, अर्जुन जोशी, प्रवीण भंडारी, कैडेट सत्यम जोशी तनुजा, ममता बृजवाल व नंदिनी बिष्ट ने प्रतिभाग किया।



एमबीपीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स के साथ योग करते प्राचार्य।

### योग दिवस के बारे में दी जानकारी

**भीमताल :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट में क्षेत्रीय जनता ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक डॉ. हेमंत कुमार जोशी ने योग दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ओखलकांडा के भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सुयाल सहित पूरी कार्यकारिणी ने भी योग महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में शेर सिंह बिष्ट, उमेश चंद्र भट्ट, निर्मल मटियाली, दीप सिंह मेहरा, मनोज मेवाड़ी, शंकर शर्मा, हेमंत वर्मा, सतीश चंद्र व संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## मोदी के अलख जगाने पर विश्व कर रहा योग



योग कार्यक्रम के दौरान साधकों को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद ने देवलचौड़ में राम जी विहार सोसाइटी में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत रहे। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग की ऐसी अलख जगाई है कि आज भारत के साथ दुनिया के 150 से ज्यादा देश योगासन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. निधि अग्रवाल और योगाभ्यास योग गुरु हिमांशु ने कराया। इस मौके पर संस्था के क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, अध्यक्ष दीपक बक्शी, मीनू गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, गीतू केसरवानी, भवानी शंकर नीरज, सचिव हरीश जोशी, राजेंद्र नेगी, मनोहर केसरवानी ,सुमित जैन, विवेक कश्यप, बाल किशन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## शहर से गांव तक योग की गूंज

**रामनगर :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह–जगह योग शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। एमपी इंटर कॉलेज मैदान में उज्ज्वला योग समिति के तत्वावधान में हुए योग चेतना शिविर में योगाचार्य डॉ. नितिन डोमने ने योगाभ्यास करवाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता अमित गुप्ता ने कार्यक्रम में शुभारंभ किया। शिविर में गणेश रावत, मितेश्वर आनंद, चंद्रशेखर मिश्रा, तिलक रावत, विनीत शर्मा, सुप्रिया परिहार, देवेंद्र परिहार, हरिमन, सुरेश लाल व डॉ. कैसी जोशी मौजूद रहे। विनीत रिखाड़ी और गायत्री के बांसुरी वादन ने समां बांध दिया। उधर, कोसी बैराज में योग साधकों ने अनेक प्रकार के योगाभ्यास करके दिखाए। संस्थापक डॉ संतोष कोटिया व मीनाक्षी नेगी मौजूद रहे।



एमपी इंटर कॉलेज में मैदान में योग करते साधक।

### निरोग रहने का लिया संकल्प

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी व कोटाबाग क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह–जगह पर सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, स्कूली छात्र–छात्राओं व आम नागरिकों ने भाग लिया। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, सिंचाई बंगले व प्राइमरी पाठशाला गैबुआ में योग दिवस मनाया गया। किसान मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान सभी ने निरोग रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता विपिन कांडपाल, धर्मदत्त सती, अनिल कंबोज, कमलेश पांडे, नरेंद्र खनायत, प्रेमा बिष्ट, माया गोस्वामी, गगा बिष्ट, ज्योति तिवारी, चम्पा सती, कपिल सती, हेम पाठक, हरीश शंकर पाठक, गीना बिष्ट, चम्पा वर्मा, मोहन तिवारी, शोभा कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# 32 नेपालियों को बंधक बनाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## बहला फुसलाकर नौकरी का झांसा देकर नेपाल से यहां लाया गया था, मकान में रखा बंद

शिकंजा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** 32 नेपाली लड़कों को बंधक बनाकर रखने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आईटीआई थाने में मामले का खुलासा किया। बताया कि नेपाल एंबेसी दिल्ली से नवीन जोशी ने सूचना दी थी कि नेपाली मूल के कुछ लड़कों को सोशल मीडिया व फेसबुक व मैसेन्जर के माध्यम से संपर्क कर बहला फुसलाकर नौकरी लगाने का झांसा देकर भारत में लाया गया है, जो वर्तमान में काशीपुर क्षेत्र में रह रहे हैं। सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए लड़कों की बरामदगी के लिए क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने नेपाल एंबेसी से आये नवीन जोशी के साथ ओम विहार कॉलोनी में स्थित महाराज सिंह उर्फ पप्पू के घर पर दबिश दी। जहां मकान में नेपाली मूल के कुल 32 लड़के मौजूद मिले, जिसमें से 3 लड़के नाबालिग थे। पूछताछ में लड़कों ने बताया कि उनको बीरेंद्र शाही निवासी धनगढ़ी वार्ड नं. 1 ग्राम विकास समिति, कपलेकी, नेपाल द्वारा बहला फुसलाकर नौकरी का झांसा देकर यहां लाया गया है। जबरदस्ती लीड विजन इंडिया प्रा. लि. कंपनी के प्रोडक्ट बेचने के लिए कहा जाता है। बताया कि उनको जबरदस्ती यहां पर रखा गया है। एसएसपी ने बताया कि मामले में बीरेंद्र शाही के साथ सचिन कुमार निवासी गाजीपुर, उ.प्र तथा मनीष तिवारी निवासी रुद्रपुर के नाम सामने आए, जिनके द्वारा उनका मानसिक व शारीरिक रूप से शोषण किया जाता था। बताया कि टीम ने तीनों आरोपितों को रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीनों से पूछताछ कर कार्ट में पेश किया गया है।



काशीपुर में पकड़े गए आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

### पकड़े गए आरोपी लीड विजन ट्रेडिंग कंपनी से हैं जुड़े

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्रा. लि. कंपनी से जुडे है। कंपनी का मुख्य कार्यालय जनकपुरी दिल्ली में है, जिसके फाउंडर व डायरेक्टर चेतन हांडा व अन्य लोग हैं। बताया कि वह तीनों उनसे दिल्ली में मिले। वह लोग कंपनी में लोगों को जोड़ने के लिए उनको नौकरी का झांसा देकर अपने पास बुलाते हैं। फिर उनको बहला फुसलाकर व प्रभाव में लाकर उनसे पैसे लेते हैं और पैसों को कंपनी के अकाउंट में डालते हैं। बताया कि इन सब की ट्रेनिंग डायरेक्टर चेतन हांडा ने उन्हें दी है।

### 32 नेपाली लड़कों का आरोपी नहीं दिखा सके रजिस्ट्रेशन

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मुक्त कराए गए 32 नेपाली मूल के लड़कों की कर्मचारी/सदस्य/एजेन्ट आदि के रूप में कंपनी का रजिस्ट्रेशन आदि मांगने पर आरोपी कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की गई है। बताया कि प्रकाश में आए लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्रा. लि. कंपनी के फाउंडर-डायरेक्टर चेतन हान्डा व अन्य के विरुद्ध तथ्यों के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नहीं जाग रही थाना ट्रांजिट कैंप की पुलिस, हर गली में खुलेआम हो रहा शराब का धंधा

# खुलेआम बिक रही शराब, मदहोश होते युवा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** घनी आबादी वाला इलाका ट्रांजिट कैंप। जहां इन दिनों इलाके की महिलाओं ने कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम चला रही है। बावजूद इसके पुलिस सजग नहीं हुई। यही कारण है कि ट्रांजिट कैंप में खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री हो रही है और इलाके के युवक शराब के नशे में मदहोश होकर अपने भविष्य को गर्त में डूबा रहे हैं। हालात यह है कि माफिया बेखौफ होकर गली में कुर्सी डाल कर धड़ल्ले से शराब बेच रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से जगतपुरा-ट्रांजिट कैंप की जागरूक महिलाओं ने घनी आबादी की गलियों में छापामार कार्रवाई की, तो ऐसी कोई सी गली नहीं थी। जहां कच्ची शराब के माफिया खुलेआम शराब नहीं बेच रहे थे। इसकी महिलाओं ने वीडियो भी बनाई थी, लेकिन माफिया बेखौफ होकर अपना धंधा चला रहे थे। बताया यह भी जा रहा है कि जब कोई इसके खिलाफ शिकायत कर्ता है, तो माफिया घर पर धावा बोल देते है और धमकी भी देते है, जबकि कई बार लोगों ने शराब के खिलाफ थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को शिकायती पत्र भी दिया, लेकिन खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं होता है। जिसकी वजह से इलाके के युवा नशे की दलदल में फंसते जा रहे है। लोगों का कहना यह भी है कि ऐसा कौन सा नशा नहीं है, जो घनी आबादी में बिक नहीं रहा है। जिसकी चपेट में आकर युवा अपनी जान गंवा चुके है।



टिनशेड नुमा कमरे में शराब पीने बैठे युवा। • अमृत विचार

### डाली कुर्सी, शराब पीने के लिए बना दी जगह

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप इलाके में कच्ची शराब माफिया इतने बेखौफ है कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपने घर के आगे कुर्सी डाले बैठा है और कच्ची शराब की थैली देता हुआ दिखाई दे रहा है। शराब की थैली लेने के बाद युवक टिनशेड नुमा बने कमरे में जाता है। जहां एक नहीं, बल्कि कई युवक नीचे ही बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो कुछ दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि जिस प्रकार धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है कि माफियाओं में पुलिस का खौफ नहीं है।

### इलाके में हो सकती है अप्रिय घटना

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप में कच्ची शराब का सेवन कहीं युवाओं की जिंदगी खतरे में नहीं डाल दे। ऐसी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वर्ष 2024 में देहरादून में हुए कच्ची शराब के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी थी और कई की हालत नाजुक बन गई है। बावजूद इसके आबकारी विभाग और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। यदि ऐसा ही चलता रहा, तो ट्रांजिट कैंप में अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

ट्रांजिट कैंप इलाके में कच्ची शराब हो या फिर मादक पदार्थों की तस्करी। पुलिस लगातार धरपकड़ की कार्रवाई करती है और कई नशा तस्करों को भी जेल भेजा चुका है। वायरल वीडियो कुछ दिन पुरानी है। बावजूद इसके शराब के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाई जा रही है और वीडियो में दिखा रहे आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**-मोहन चंद्र पांडेय,** थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप

### दिखाई सच्चाई तो घर पर कर दिया हमला

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप में जब एक पोर्टल रिपोर्टर ने कच्ची शराब के धंधे पर स्टोरी कर लाइव चलाई तो शराब माफियाओं ने रिपोर्टर के घर पर देर रात्रि हमला बोल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ की। शुक्रवार की देर रात्रि पोर्टल रिपोर्टर अर्जुन कुमार ने ट्रांजिट कैंप में घर के पास अवैध शराब की बिक्री का वीडियो बना लिया था। इससे नाराज शराब बेचने वालों ने अर्जुन से गाली गलौज व धमकी दी थी। थोड़ी देर बाद कच्ची शराब माफियाओं ने रिपोर्टर के घर पर धावा बोल दिया और जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। जिस पर रिपोर्टर ने जब बंद कमरे से ही लाइव कर माफियाओं का तांडव दिखाया तो सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शराब माफिया फरार हो गए। ट्रांजिट कैंप थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि एसएचओ ने बताया कि वार्ड नंबर पांच अरविंद नगर निवासी मोंटू का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर दिया गया है। मोंटू के बेटे आकाश राय के अलावा शिव मंडल और रमेश का शांति भंग में चालान किया गया है।

### जंगल में लकड़ी बीनने गए युवक पर भालू का हमला

**शक्तिफार्म :** जंगल में लकड़ी बीनने गए तिलियापुर निवासी जंगीर सिंह को भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शक्तिफार्म में प्राथमिक उपचार कराया, उसे उपजिला चिकित्सालय सितारगंज ले गए।

तिलियापुर निवासी जंगीर सिंह शनिवार सुबह डॉली रेंज के जंगल में जलौनी लकड़ी बीनने गया था। तिलियापुर वन चौकी के पास भालू ने जंगीर पर हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल जंगीर लोगों की सहायता से घर पहुंचा। इसके बाद परिजन घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे उप जिला चिकित्सालय सितारगंज ले गए। तिलियापुर की निवर्तमान ग्राम प्रधान निमिषा डसीला ने डॉली रेंज के रेंजर को घटना की सूचना दी। भाजपा नेता रमेश राय ने वन विभाग से घायल को मुआवजा देने की मांग की।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), 79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)

ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं०-(05946) 292040, फैक्स नं०-(05946) 298318

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

पत्रांक : 2177/वि०वि०ख० (ग्रा०) ह० दिनांक : 20-06-2025

आवश्यक जन-सूचना

क्षेत्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में खण्ड के अन्तर्गत सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके क्रम में स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित किसी भी समस्या, शंका, विद्युत बिलों में सुधार एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु विद्युत वितरण उपखण्ड टी०पी० नगर के अन्तर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सहित स्मार्ट मीटर लगाने वाली कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अतः आपसे अनुरोध है कि आप निम्नलिखित शिविरों में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक पहुँचकर उक्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने का कष्ट करें।

| क्र० सं० | उपखण्ड का नाम | शिविरों हेतु निर्धारित तिथि | | शिविरों का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक | दिवस | |
| 1 | विद्युत वितरण उपखण्ड, टी०पी० नगर | 23-06-2025 | सोमवार | जन मिलन केन्द्र, सी०एम०टी० कॉलोनी, डहरिया। |
| 2 | | 24-06-2025 | मंगलवार | नियर जय अम्बे मिष्ठान भण्डार, छड़ैल चौराहा। |
| 3 | | 25-06-2025 | बुधवार | तल्ली हल्द्वानी नियर पुरानी आई०टी०आई० बरेली रोड। |
| 4 | | 26-06-2025 | वृहस्पतिवार | वंशिका टावर के पास फूलचौड़। |

Customer Care Toll Free No. 1912

"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"

"विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"

"विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें"

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"

(अभि० बेगराज सिंह)

अधिशासी अभियन्ता


### युवती के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की

**बाजपुर :** राशन की दुकान के सामने एक युवक ने युवती के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने युवक पर उससे बात करने का प्रयास करने एवं मना करने पर मारपीट का आरोप लगा तहरीर दी है। नगरीय सीमा से सटे एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि गांव के ही एक युवक से उसकी पिछले तीन साल से जान-पहचान थी और दोनों फोन पर बात करते थे। युवती ने पिछले चार-पांच दिन पहले उससे बात करने से मना कर दिया था। आरोप है कि 20 जून को वह अपनी मां के साथ राशन की दुकान पर गई तो वहां आरोपी युवक मिल गया और उससे बात करने की कोशिश करने लगा। मना किया तो अभद्रता पर उतर आया व गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# शावक संग गुलदार दिखने से हड़कंप

- वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, मिले पग चिह्न, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नौसर गांव में शनिवार को आबादी वाले क्षेत्र में शावकों के संग घूमते गुलदार के देखे जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। जिसे वहां गुलदार के पग चिह्न भी मिले।

ग्राम पंचायत नौसर के ग्राम प्रधान द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई कि नौसर गांव में एक गुलदार अपने बच्चों के साथ घूम रहा है। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी जीवन सिंह ने वन दरोगा धन सिंह अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल मौके पर भेजी। मौके पर पहुंच टीम ने मौका मुआयना किया। जहां गुलदार एवं शावकों के पग चिन्ह पाए गए। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क और सावधान रहने, खेतों में समूह के साथ जाने, नाले के किनारे खेतों में न जाने, बच्चों को अकेले या एकांत जगह पर न छोड़ने तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की गई। वन विभाग की टीम दिन-रात अलग-अलग स्थान पर निगरानी में लगी हुई है। इस दौरान वन विभाग की टीम में वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, बीट अधिकारी जीत प्रकाश, दीपक शंकर शामिल रहे।



खटीमा के नौसर गांव में गुलदार के पग चिह्न देखती वन विभाग की टीम।

# तुषार सैनी ने एसडीएम का पदभार किया ग्रहण

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नैनीताल जनपद के कैंचीधाम तहसील से स्थानांतरित होकर आए पीसीएस अधिकारी तुषार सैनी ने यहां उपजिलाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने जनता की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण को अपनी प्राथमिकता बताई। वहीं निवर्तमान एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट का स्थानांतरण नगर निगम आयुक्त काशीपुर के लिए हो गया है।



तुषार सैनी।

नवनियुक्त एसडीएम सैनी ने तहसील कर्मियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आज उन्होंने खटीमा उपजिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। उपजिलाधिकारी के रूप में उनकी प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण रहेगा ताकि अपनी समस्याओं के लिए जनता को परेशान न होना पड़े। एसडीएम सैनी ने पंचायत चुनाव अभिसूचना जारी हो गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं और संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार सामग्री को हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस अवसर पर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान, रजिस्ट्रार कानूनगो ऋषि पाल, स्टेनो मनीष पंत मौजूद रहे।

# 11वीं-12वीं के बच्चे भी इंस्पायर स्कीम में दे सकेंगे आइडिया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के अंतर्गत 2025-26 के लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। इंस्पायर अवार्ड के पोर्टल पर यह नामांकन 15 जून से 15 सितंबर तक खुले रहेंगे। भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय द्वारा पिछले वर्षों तक इस स्कीम के अंतर्गत सभी सरकारी, अर्ध सरकारी तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 6 से 10 तक के बच्चे प्रतिभाग करते आए हैं। जबकि इसमें संशोधन किया गया है और अब यह स्कीम कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए खोल दी गई है।

खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा द्वारा सभी विद्यालयों को इस संबंध में पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। ब्लॉक इंस्पायर अवार्ड मानक समन्वयक निर्मल न्योलिया ने बताया कि विद्यालयों में आइडिया बॉक्स का पूरा इस्तेमाल किया जाए तथा आइडिया कांटेस्ट के माध्यम से अधिक से अधिक आइडिया एकत्र कर इंस्पायर प्रभारी पांच सर्वश्रेष्ठ नवाचारी आइडिया इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल में अपलोड करना शुरू करें। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विद्यालयों के इंस्पायर प्रभारियों की एक कार्यशाला भी प्रस्तावित की गई है। जिसमें विद्यालयों की इस स्कीम से जुड़ी समस्याओं, इस वर्ष स्कीम के अंतर्गत जो भी बदलाव हुए हैं उन पर चर्चा की जाएगी।

पहल | 23 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निस्तारण, सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

# बहुउद्देशीय शिविर में प्रभारी मंत्री ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विकासखंड सभागार में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण तथा ग्राम्य विकास मंत्री/प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने विद्युत बिल ठीक करने, भूमिहीन परिवारों को भूमि पट्टा दिलाने, हैंडपंप लगाने, भूमि विवाद आदि से संबंधित लगभग 23 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निस्तारण किया।

शनिवार को बहुउद्देशीय शिविर की अध्यक्षता मंत्री गणेश जोशी ने की। यहां उन्होंने कहा कि जनता की सरकार, जनता के द्वार को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है ताकि व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने अधिकारियों ने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर में आई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी क्षेत्रों में जाकर जन समस्याओं को सुनें व उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसका मंत्री गणेश जोशी ने निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने चार महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट देकर नन्हें बच्चों को गोद में लेकर दुलार किया। इस मौके पर मेयर दीपक बाली, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज पाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख अर्जुन कश्यप, उमा जोशी, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डा. अभय सक्सेना, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में आयोजित शिविर में समस्याएं सुनते प्रभारी मंत्री गणेश जोशी।

19 जून की रात्रि की थी घटना, चलाई थीं गोलियां, लात मारकर दरवाजा तोड़ने की भी कोशिश की, 12 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

# सितारगंज गोलीबारी प्रकरण के तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर/सितारगंज

**अमृत विचार :** 19 जून की रात्रि सितारगंज के बामन पुरी में हुए दुस्साहसिक गोलीबारी प्रकरण के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर हथियार भी बरामद कर लिए। पुलिस कार्यालय में खुलासे के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सितारगंज के गांव बामन पुरी निवासी रंजीत सिंह ने 20 जून को तहरीर देते हुए बताया कि 19 जून की रात्रि 11 बजे वह घर पर था। तभी घर के बाहर कुछ युवक अभद्रता करते हुए घर से बाहर निकलने की धमकी दे रहे थे और दरवाजे में लात मारकर तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। हमलावरों के इरादों को भांपते हुए उसने


सितारगंज गोलीबारी के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

दरवाजा नहीं खोला और जैसे ही दरवाजे से देखने की कोशिश की। तभी हमलावर युवकों ने बंदूक से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह बाल-बाल बचा और हमलावर हत्या की वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। अंधाधुंध गोलीबारी से जहां परिवार भयभीत हो गया। वहीं इलाके में भी दहशत का माहौल पैदा है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 12 घंटे के अंदर गोलीबारी प्रकरण के आरोपी जनता फार्म निवासी लवप्रीत सिंह उर्फ लबी, गांव नकुलिया निवासी साहब सिंह उर्फ साबे और ढूयोडार सितारगंज निवासी गुरमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर 12 बोर की एक नाली बंदूक व कारतूस भी बरामद कर लिए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनके द्वारा ही योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## खेड़ा गोलीबारी प्रकरण का मुख्य आरोपी चंदन गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** 18 जून की देर रात्रि खेड़ा बस्ती में सरेराह गोलीबारी और हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और निशानदेही पर पिस्टल भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि फरार नामजद दो आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि 18 जून को दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देर रात्रि साढ़े दस बजे के करीब कुछ युवक खेड़ा बस्ती बड़ा पीपल चौराहे पर आए और एक युवक को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर कर जब इमरान व उसके पिता मोहम्मद



हारून घर से बाहर निकले और युवकों को समझाने की कोशिश करने लगे, तो हमलावर एजाज व रिजवी के इशारे पर नंदन यादव उर्फ चंदन ने पिस्टल से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें इमरान के हाथ पर गोली लगी और वह घायल हो गया, जबकि रामकली नाम की महिला बाल-बाल बच गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और 20 जून की रात्रि को मुख्य आरोपी नंदन उर्फ चंदन को गिरफ्तार कर गोलीबारी में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया, जबकि फरार ईजाज व रिजवी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद सर्विलांस के माध्यम से फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मशरूम प्लांट संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम भव्वानगला में मशरूम प्लांट प्रकरण में पुलिस ने मृतका के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर प्लांट संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम टांडा डालचंद निवासी ओमपाल ने पुलिस को बताया कि वह लोग विगत कई दिनों से ग्राम भव्वानगला में धनंजय नेहरा के घर के पास में रवि नेहरा निवासी भव्वानगला थाना केलाखेड़ा के मशरूम प्लांट में काम कर रहे थे। 19 जून की शाम करीब 5 बजे हमारी ड्यूटी पूरी हो गई थी, लेकिन रवि नेहरा ने जबरदस्ती इन लोगों को वहां रोक लिया। कहा गया कि इस काम को आज ही पूरा करना है। आरोप है कि जैसे ही हम लोग काम कर रहे थे तो अचानक करीब 5.30 बजे मशरूम प्लांट में बने रैक इन लोगों के ऊपर गिर गए। चूंकि रैकों को बनाने में लापरवाही बरती गई है। जिसके चलते 19 वर्षीय पुत्री हिना की मृत्यु हो गई तथा अन्य 12 लोग घायल हो गए। कहा कि यह घटना मशरूम मालिक की लापरवाही की वजह से हुई है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्लांट संचालक रवि नेहरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चलें कि केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भव्वानगला में संचालित रवि नेहरा के मशरूम उत्पादन प्लांट में ग्राम टांडा डालचंद के 23 महिला-पुरुष श्रमिक काम कर रहे थे। इसी बीच 19 जून की देर सायं अचानक प्लांट में लगीं जैबिक खाद से भरे कट्टों की रैक दोनों तरफ से अंदर काम कर रहे श्रमिकों के ऊपर गिर गई थीं जिसमें श्रमिक हिना की मृत्यु हो गई थी, जबकि प्लांट संचालक रवि नेहरा सहित 12-13 श्रमिक घायल हो गए थे।

## एक नजर

### लाखों की देनदारी निपटाए बिना सब्जी व्यापारी फरार

**बाजपुर :** लोगों की लाखों रुपये की देनदारी निपटाए बिना सब्जी व्यापारी अचानक बाजपुर छोड़कर फरार हो गया। शिकायत सामने आने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया जिससे कोतवाली में पूछताछ की जा रही है। वहीं व्यापारी के पकड़े जाने की जानकारी पर पैसे लेने वाले लोग भी कोतवाली पहुंच गए। नगरपालिका शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकान में सब्जी की आढ़त का संचालक पिछले पांच दिन पहले अचानक गायब हो गया। बताया जाता है कि कुछ व्यापारियों के साथ ही कई लोगों से उसने लाखों रुपये उधार एवं ब्याज इत्यादि पर ले रखे थे। जिसके चलते इन लोगों ने उसकी ढूंढ़-खोज शुरू कर दी। साथ ही कोतवाली में लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं शनिवार को पुलिस उसे पकड़कर पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। इसी बीच व्यापारी के पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर उसे उधार एवं ब्याज इत्यादि पर पैसे देने वाले लोग भी कोतवाली पहुंच गए, जिन्होंने आरोपी से उनके पैसे लौटाने की बात कही। वहीं आरोपित ने उसके पास अभी पैसे नहीं होने व व्यवस्था होने पर लौटाने की बात कही है। फिलहाल किसी की भी तरफ से मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### घर में घुसकर महिला के साथ जोरजबरदस्ती की

**बाजपुर :** महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर उसके साथ जोरजबरदस्ती करने एवं विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा केलाखेड़ा थाने में तहरीर दी है।

# लूटपाट में डॉक्टर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

नकली सोना दिखाकर मुरादाबाद के हार्डवेयर कारोबारी से की थी लूटपाट, नानकमत्ता पुलिस ने किया पर्दाफाश

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

**अमृत विचार :** नकली सोना दिखाकर लूटपाट को अंजाम देने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए नानकमत्ता पुलिस ने एक बीएएमएस डॉक्टर, वन विभाग के संविदा कर्मी सहित तीन अंतर्राज्यीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

लूटकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 19 जून को कोठीवाल मुरादाबाद यूपी निवासी अमित रस्तोगी नानकमत्ता थाने में आया और तहरीर देते हुए बताया कि कंप्यूटर हार्डवेयर का कारोबारी है। बताया कि उसके मकान में तीन सालों से रमेश चंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सरदार का परिवार भी रहता है। आरोप था कि किराएदार के साथियों ने बताया कि नानकमत्ता उत्तराखंड में एक स्थान पर सात घड़ा सोना निकला है और जांच में भी सोने शुद्ध है। बताया कि जिस व्यक्ति के पास सोना है। वह उनका परिचित है और कम दामों पर ही सोना बेच देगा। बातों पर विश्वास करते हुए वह नानकमत्ता गया। जहां दो व्यक्ति उसे मिले और वह


ठगी के आरोपियों के साथ नानकमत्ता पुलिस। ● अमृत विचार

उसे कैथुलिया गांव ले गए। जहां सोने दिखाने के दौरान अचानक दो वर्दीधारी व्यक्ति आए और पैसों से भरा बैग छीनने की कोशिश करने लगे। धमकाया कि यदि चिल्लाने या फिर विरोध करने की कोशिश की, तो हत्या कर गड्ढे में दफन कर देंगे। धमकी के बाद आरोपी लूटपाट कर फरार हो गए, लेकिन जब दो माह सोशल मीडिया पर सितारगंज में हुई इसी प्रकार की 70 लाख लूट की जानकारी मिली, तो हिम्मत जुटाई। इसके बाद पुलिस ने 20 जून की शाम को कैथुलिया नानकमत्ता निवासी हरजिंदर सिंह उर्फ राजू, बुध बाजार मुरादाबाद निवासी सर्वेश अग्रवाल और हरैया नानकमत्ता निवासी करनैल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### किराएदार सहित कई गिरफ्तारियां होनी हैं

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार तीन आरोपी ठग गिरोह की तीन कड़ियां हैं। गैंग में 10 से 12 लोगों के नाम व भूमिका सामने आई है। सितारगंज व मुरादाबाद ठगी में किराएदार मुन्ना सरदार के अलावा भी कई गिरफ्तारियां होनी हैं, लेकिन जिस प्रकार पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गैंग का पर्दाफाश है। वह बेहतर पुलिसिंग का दर्शाता है। पुलिस फरार आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी करेगी।

## 10 से 12 ठगों का है गिरोह हर ठग का अपना किरदार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नकली सोना दिखाकर ठगी करने वाले ठगों का अपना ही किरदार है और खुद का संगठित गैंग भी है। किसी ने राजस्थान से ठगी की कला सीखी, तो कोई वन विभाग की वर्दी पहनकर वर्दीधारी पुलिस वाला बन जाता। पूछताछ में भी आरोपियों ने अपने किरदार की पुष्टि की।

जारी खुलासे बताया गया कि मुरादाबाद के शिकायतकर्ता से दो लाख की ठगी में सबसे अहम किरदार किराएदार रमेश चंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सरदार का है। जिसकी वास्तव में मुरादाबाद में ज्वैलर्स की दुकान है। उसने ही शुद्ध सोना होने की पुष्टि की। दूसरा किरदार था हरजिंदर सिंह उर्फ राजू निवासी कैथुलिया का है। जिसने राजस्थान के कोटा से नकली सोना दिखाकर ठगी करने की कला सीखी। तीसरा किरदार रहा करनैल सिंह निवासी हरैया का, जो कि वन विभाग में संविदा कर्मी है और वन विभाग की वर्दी पहनकर पुलिस वाला गुंडा बन जाता था और चौथा किरदार बीएएमएस डॉक्टर सर्वेश अग्रवाल का है। जिसका वास्तव में मुरादाबाद में क्लीनिक भी है और अक्सर करनैल व डॉक्टर ही पुलिस वाले बनकर लूटपाट को अंजाम देते थे। पूछताछ में यह भी पता चला कि गिरोह में 10 से 12 सक्रिय सदस्य हैं। जिनका किरदार सीधे-साधे लोगों को सोने का घड़ा होने की अफवाह फैलाकर फंसाते थे। पुलिस का मानना है कि अभी कई गिरफ्तारियां होनी हैं। जिसके बाद ही ठगों के किरदार को जाना जाएगा।

### ठगी को फिर अंजाम देने आए थे आरोपी

**रुद्रपुर :** सितारगंज में 70 लाख की पहली वारदात और मुरादाबाद के हार्डवेयर कारोबारी से दो लाख की दूसरी ठगी करने के बाद भी जब ठग गिरोह को संतुष्टि नहीं हुई तो गिरफ्तार तीन आरोपी पुन: बिडौरा मझोला अपने साथी फर्जी सुनार राजू रस्तोगी के घर आए थे और नकली सोने को असली बताकर जाल में फंसे शिकारी से लूटपाट करने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर पकड़ लिया।

# स्टोन क्रशर स्वामी समेत दो की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में स्टोन क्रशर स्वामी समेत दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम वीरपुर लच्छी निवासी स्टोन क्रशर के स्वामी दिलबाग सिंह पुरेवाल व उनके दोस्त चैती गांव निवासी जसविंदर सिंह जस्सा शुक्रवार की रात करीब साढे. नौ बजे रुद्रपुर से अपनी


दिलबाग सिंह व जसविंदर सिंह। (फाइल)

इनोवा कार से घर आ रहे थे। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र नेशनल हाइवे स्थित ढिल्लों ढाबे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पलट गई।

वहीं घटना में कार सवार दिलबाग सिंह पुरेवाल और जस्सा सिंह की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों की मृत्यु की खबर से उनके परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है।

# जूस विक्रेताओं ने किया अधिवक्ता पर हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

● हमले में अधिवक्ता व जीजा हुए चोटिल, जूस के रुपये को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार :** शहर में गन्ना जूस विक्रेताओं द्वारा एक अधिवक्ता पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया कि हमले में अधिवक्ता व उसका जीजा भी चोटिल हो गए। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। विवाद का कारण जूस के रुपये को लेकर हुआ था।

शिमला बहादुर वार्ड-एक निवासी मोहित गंगवार ने बताया कि वह जिला सत्र न्यायालय में अधिवक्ता है और छह जून को अपने जीजा हुकुम सिंह के साथ नैनीताल रोड से होते हुए रुद्रपुर आ रहा था कि रेलवे क्रॉसिंग फाटक के पास गन्ने का जूस पीने रुक गया और जूस पीने के बाद जब जूस विक्रेता विशाल व रिंकू को 100 रुपये का नोट दिया था, लेकिन जूस विक्रेता रुपये नहीं देने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करने लगे। जब विरोध किया, तो आरोपियों ने अन्य जूस विक्रेताओं को बुलाकर हाथापाई शुरू कर दी। जिसमें अधिवक्ता व उसका जीजा भी चोटिल हो गया और घायलों ने जिला अस्पताल में अपना उपचार कराया। आरोप था कि हमलावरों ने पर्स भी छीन लिया। जिसमें रुपये भी रखे हुए थे। थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्राम प्रधान पद की प्रबल दावेदार
कुसुम कापड़ी
पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत श्रीपुर बिछुआ
विकासखंड खटीमा, उधम सिंह नगर

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ब्लॉक प्रमुख पद की प्रबल दावेदार


वीरेंद्र सिंह राणा
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
सुरजीत देवी
सामाजिक कार्यकर्ता
नगरा तराई, विकासखंड खटीमा, उधम सिंह नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बगुलिया से
ग्राम प्रधान पद (महिला) की प्रबल दावेदार


रामाधार
पूर्व ग्राम प्रधान
सुभावती देवी
सामाजिक कार्यकत्री
ग्राम पंचायत बगुलिया, विकासखंड खटीमा, उधम सिंह नगर

# आनंद का विज्ञान है योग



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनेक्सिमेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है- "ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कंपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य है। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी हैं। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य



डॉ. संजय पंकज

वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है।

मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट



डॉ. जितेंद्र शुक्ला

वन्य जीव विशेषज्ञ

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम



शंभुनाथ

सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते



पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है– जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।



प्रवीण त्रिवेदी

फतेहपुर

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें



डॉ. रमेश ठाकुर

नई दिल्ली

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल




भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।


रुद्रपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग करते एसएसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


दिनेशपुर में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार


खटीमा के सिटी कॉन्वेंट स्कूल में योग पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

# प्रभारी मंत्री ने दिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का संदेश

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रुद्रपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री गणेश जोशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री ऊधमसिंह नगर गणेश जोशी ने कहा कि योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य का संदेश देती है, क्योंकि योग के माध्यम से इंसान निरोग रह सकता है। तभी स्वस्थ समाज की स्थापना होगी और देश विश्व गुरु बनेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का ऐलान किया था।

शनिवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम वेलोड्रोम और पंतनगर विवि सभागार में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ जिला प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, विधायक व विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग का मतलब जोड़ना होता है और पीएम मोदी की पहल ने 175 देशों को जोड़ने का काम किया है।

उत्तराखंड योग की जननी है, क्योंकि योग से इंसान स्वस्थ रहता है और मानसिक व शारीरिक दक्षता को बढ़ावा मिलता है। कई असाध्य रोग भी योग से ठीक हो चुके हैं। यही कारण है कि पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। जल्द ही भारत ही नहीं, बल्कि वर्ष 2047 तक देश विश्व गुरु की उपाधि प्राप्त करेगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में गैरसैंण में भी कई देशों के राजदूत योगाभ्यास कर रहे हैं।

इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, कुलपति विवि डॉ. मनमोहन चौहान, प्राधिकरण उपाध्यक्ष जय किशन, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज शुक्ल, जीएम उद्योग विपिन कुमार, सीईओ केएस रावत आदि मौजूद रहे।


योग करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।


शपथ दिलाते सीडीओ। ● अमृत विचार


मंडी मुख्यालय में अधीनस्थों के साथ योग करते दर्जा राज्य मंत्री अनिल डब्बू। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में कराए गए 27 योगाभ्यास

**रुद्रपुर :** नोडल अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा ग्रीवा चालन, स्कंध चालन कटिचालन, जानु चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शसकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबं धासन, उत्तानपादासन, पवन मुक्तासन, शवासन तथा प्राणा याम कपालभांति, नाड़ीशोधन, शीतली, भ्रामरी आदि कराए गए।

### दर्जा राज्यमंत्री डब्बू ने किया योग

**रुद्रपुर :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड मुख्यालय में भी बोर्ड अध्यक्ष अनिल कुमार डब्बू ने अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कर्मियों से आह्वान किया कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, क्योंकि योग हमेशा निरोग रहने का संदेश देता है। उन्होंने पीएम मोदी और प्रदेश के सीएम का भी आभार जताया और कहा कि आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है।

# दिनेशपुर में सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों में भी किया योग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** योग दिवस पर लोगों ने सुबह 6 से 8 बजे तक सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास किया। इधर नगर पंचायत कार्यालय व घर-घर में योगा किया गया।

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऑडिटोरियम में योग शिक्षिका रंजना दुबे ने योग, आसन, प्राणायाम व सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। नगर पंचायत कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क के नेतृत्व में सभासदों व कर्मचारियों एवं वार्ड-6 में शिक्षक संघ ब्लाक मंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में लोगों ने योग किए। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल, पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, समाजसेवी तरुण कुमार सिंह, देव कुमार, हिमांशु सरकार, ऋषिकेश बाला, सभासद राखाल मंडल, संजय सरकार, अशोक कालड़ा, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, दीपक मक्कड़, मनोज कुमार, चेतन सुखीजा, सुनील बंसल, रामविलास गुप्ता, पवन अग्रवाल, विजय ढाली मौजूद रहे।


दिनेशपुर में योग करवातीं योग शिक्षिका रंजना दुबे। ● अमृत विचार

# खटीमा के स्कूलों में भी किया गया योगाभ्यास

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** योग दिवस पर सिटी कॉन्वेंट स्कूल में भव्य योग समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी, संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीन उपाध्याय, एजुकेशन डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षिका बबीता भट्ट और हरीश ओझा की देखरेख में लोगों ने योग किया। संचालन अफजल और शैलेंद्र उप्रेती ने किया।

प्रधानाचार्य शुभ्रा अग्रवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकुमार अरोड़ा, विवेक अग्रवाल, जितेंद्र बत्रा, नरेंद्र रौतेला आदि मौजूद रहे। नोजगे पब्लिक स्कूल में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड किसान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, प्रबंधिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य अल्वी प्रधानाचार्य, एचसी पन्त, ईस्टर के प्लांट हेड राजेन्द्र सिंह गौड़, सतीश चंद्र, महेश सागर, कमल किशोर, प्रकाश बोरा, बृजेश आदि मौजूद रहे। ऑस्मिक एकेडमी श्रीपुर बिछवा में योग दिवस मनाया गया। प्रबंधक कवींद्र कफलिया, प्रधानाचार्य रीता कफलिया के निर्देशन में योग प्रशिक्षक सपना ने बच्चों और अतिथियों को योग कराया। इस दौरान भीम, रजनी, मनीष, दीपा सहित अभिभावक मौजूद रहे।

सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में योगाभ्यास का आयोजन सात से आठ बजे तक किया गया। जिसमें चेयर परसन ज्योति पाल ने योग के महत्व को बताया। योग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता, क्षेत्रवासी तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। वरिष्ठ सिविल जज दुर्गा शर्मा और सिविल जज भारती मंगलानी की अध्यक्षता में सिविल न्यायालय परिसर में योग दिवस मनाया गया।

ट्रेनर विमलेश और अभिषेक ने योग के फायदे बताए। इस अवसर पर नाजिर संजय शुक्ला, हेमा, मीनाक्षी, चंचला सिंह, शाहना बेगम, आरबी सिंह राणा, विमल कुमार, प्रभु दयाल, मंजू बिष्ट, मीरा देवी, भगवती, कमला गोस्वामी ,आशा रानी, माया देवी, गीता शर्मा, पिंकी, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे। शिक्षा भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रागंण में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी आदि शामिल रहे। इधर एसएसबी मेलाघाट चौकी पर योग का आयोजन किया गया। जिसमें जवानों और ग्रामीणों ने योग किया। इस अवसर पर निरीक्षक मोहन सिंह, उप निरीक्षक अमृत भाई परमार, प्रवेश कुमार सिंह, सुजीत यादव आदि मौजूद रहे।


बाजपुर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में योग कला प्रदर्शित करतीं पतंजलि योग समिति से जुड़ीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# योग हमारी आध्यात्मिक विरासत : बाली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम जनता ने भाग लिया। शनिवार को काशीपुर स्टेडियम में केवीएस प्रीमियर ग्रुप एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने शुभारंभ किया।

योग को जीवन में अनुशासन, संतुलन और दिशा देने वाला माध्यम बताते हुए कहा कि "योग हमारी आध्यात्मिक विरासत है, जो सम्पूर्ण मानवता को जोड़ता है। यह न केवल हमारे शरीर को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। कार्यक्रम में केवीएस प्रीमियर ग्रुप के एमडी देवेंद्र जिंदल, फाउंडेशन की अध्यक्षा रेखा जिंदल, अर्पण जिंदल, वीनू जिंदल, ब्रह्म प्रकाश गोयल, बबीता गोयल, मुक्ता सिंह, पूर्व मेयर उषा चौधरी, एएसपी अभय कुमार सिंह, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, राजदीपिका मधुर आदि मौजूद रहे। वहीं आयुष विभाग उत्तराखंड द्वारा रामलीला मैदान, काशीपुर में शिविर आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि योग हमारे स्वस्थ जीवन के प्रति अति आवश्यक है और यह हमें निरोग रखने में बहुत मदद करता है। यहां एसपीएनजी ग्रुप के निदेशक योगेश जिंदल, विशिष्ट अतिथि संदीप चौधरी, डॉ. आरसी शर्मा, डॉ. विनय जैन, अशोक धीमान, लवीश अरोरा, कौशलेश गुप्ता, कैलाश सहगल, समरपाल चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं आईआईएम काशीपुर के एम्फीथिएटर में आयोजित 90 मिनट के मार्गदर्शित योग सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक आसनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का अभ्यास किया। इधर आईएमए भवन, सत्येंद्र चंद्र गुड़िया आइएमटी एवं लॉ कॉलेज, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय व अन्य जगहों पर योग शिविर आयोजित हुए।


काशीपुर में योग करते मेयर दीपक बाली व अन्य। ● अमृत विचार

**उत्साह** — भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति बाजपुर के तत्वावधान में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में योग शिविर के अंतिम दिन उमड़ी भीड़

# योग क्रियाओं के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाए गए जिनमें क्षेत्रभर से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान योग क्रियाओं के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया।

भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति बाजपुर के तत्वावधान में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर के अंतिम दिन शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद बलराज पासी, एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, विद्यालय अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, नगर संघचालक सुशील सिंगला, उद्योगपति दर्शन गोयल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार कश्यप, संरक्षक कुलदीप चौधरी, महिला पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी चंचल चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। योग शिक्षक कुलदीप चौधरी और चंचल चौधरी के निर्देशन में योग साधक-साधिकाओं के साथ शिविर के प्रतिभागियों ने संगीतमय योगिक जागिंग, कई साधक साधिकाओं ने बेहद जटिल आसनों की प्रस्तुति दी। 52 से 60 वर्ष की वरिष्ठ नियमित योग साधिकाओं की संगीत के साथ पांच मिनट में 37 योग की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। नारी शक्ति के दुर्गा रूप का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

छोटे बच्चों छह वर्ष की अदिसा पुत्री संजय गर्ग व सात माह की आयरा ने भुजंगासन कर सबको चकित कर दिया। जसप्रीत कौर, पवनदीप कौर, नीलम बंसल, अशोक मित्तल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. सुरेंद्र जैन ने किया। इस मौके पर शिवप्यारी पांडेय, उमा जोशी, सुशील सिंगला, सचिव जितेंद्र कुमार शर्मा, गुरमीत सिंह निज्जर, सचिन, संजय गोयल, ईश्वर गुप्ता, पवन गोयल, महेंद्र मित्तल, आत्म देव शर्मा, विपिन सिंघल, सतीश गर्ग, राजेश विश्वकर्मा, इंद्रपाल राणा, निशु सब्बरवाल, ममता ग्रोवर, कल्पना सक्सेना, अंजलि सिंगला, सरबजीत, प्रिया, प्रदीप कौर नीलम, सुनीता गुप्ता, रिया, निर्मला वत्रा, मोनिका, बीनू सिंघल, बलजीत कौर, अंजना मित्तल, अनिका शर्मा, दिव्यांशी शर्मा आदि मौजूद रही। जीजीआईसी बाजपुर में प्रधानाचार्या मीता बोस की अगुवाई में अध्यापिकाओं व बालिकाओं ने योग किया। इस मौके पर परमजीत कौर, गीता रावत, शशिवाला, सुनीता कंबोज आदि मौजूद रही। विकास भारती स्कूल में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई।

विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में छात्रों ने विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, और प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। वहीं श्रीरामभवन धर्मशाला में भारतीय योग संस्थान बाजपुर इकाई की ओर से भव्य योग साधना शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू, डॉ. रविंद्र सिंह मंड, भाजपा नेता गौरव शर्मा, विहिप नेता यशपाल राजहंस, टिंकू यादव ने आदि ने संयुक्त रूप से किया। राजू ने योग को भारतीय दर्शन की मूल आत्मा बताते हुए इसे मानसिक शांति और स्वास्थ्य का आधार बताया। योग साधक अमित सैनी ने नियमित योग साधना के लाभों पर प्रकाश डाला। राधा तिवारी, केसी जोशी और ओमप्रकाश अग्रवाल ने योग क्रियाएं कराईं, जबकि अनुपमा शर्मा ने गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर रामगोपाल यादव, सुखविंदर सिंह, राजेश जिंदल, महिपाल सिंह चौहान, अजय बंसल, विनय बंसल, नरेश चौहान, ज्ञान मित्तल, डालचंद, महिलापाल यादव, सीमा गोयल, चारु गुप्ता, शारदा देवी, चारु मित्तल, हेमा मियान, सरोज यादव, अनुपमा शर्मा, उर्वशी जिंदल आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में प्रशिक्षित महिलाओं को सम्मानित करतीं एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा एवं अन्य।

# योग शिविरों का समापन


खटीमा के मेलाघाट रोड पर एक माह के शिविर के समापन पर योग करते लोग।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना कॉलेज अल्मोड़ा और हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॉलेज द्वारा खटीमा के 56 स्थानों पर 21 मई से एक माह तक चलाए जा रहे शिविरों का आज योग दिवस पर समापन हुआ। पीजी डिप्लोमा की छात्रा मंजू नेगी द्वारा मेलाघाट रोड, राजीव नगर, बग्गा कॉलोनी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इसका भव्य रूप से समापन किया गया गया।

जिसमें सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन, चक्की चलासन, नौकासान, भ्रामरी प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, नाडी. शोधन प्राणायाम आदि कराया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## सार-संक्षेप

### जामुन तोड़ने को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**बाजपुर :** जामुन तोड़ने को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया जिसमें बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी। घटना में घायल हुई महिला को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी रेशमा पत्नी मुस्तफा ने पुलिस को बताया कि उसके घर के आंगन में जामुन का पेड़ है। कुछ बच्चे जामुन तोड़ने आए और घर की टिनशेड पर चढ़ गए। जिससे वह नीचे को दबने लगी। मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसी बीच पहुंची पड़ोसी महिला ने बच्चों की तरफदारी करते हुए मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की शौकीन पत्नी आबिद ने तहरीर देकर बताया कि उसकी दो बेटियां कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थीं। छोटी बेटी पड़ोसी की छत पर चली गई। आरोप है कि इसी बीच छत पर पहुंची पड़ोसन रेशमा गाली-गलौज करने लगी। विरोध किया तो पुत्री को अपने घर में खींच लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। वहीं खबर लिखे जाने तक किसी की भी ओर से मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### जेब में रखे 250 रुपये जबरन निकालने का आरोप

**बाजपुर :** जेब में रखे 250 रुपये जबरन निकालने एवं विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मोहल्ले के ही एक युवक के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। वार्ड-13 मोहल्ला राजीवनगर निवासी हरकिशन लाल ने पुलिस को बताया कि वह एक स्कूल वाहन का ड्राइविंग का काम करता है। स्कूलों की छुट्टियां होने की वजह से घर पर रह रहा है। आरोप है कि मोहल्ले का ही एक युवक पैसे मांगता रहता है और न देने पर उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। आरोपी ने दोपहर बाद करीब 2 :30 बजे मोहल्ले में ही मंदिर के सामने आरोपी ने उसे देख लिया और बेवजह मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं उसकी जेब में रखे 250 रुपये भी छीन लिए। मंदिर पर रहने वाले व्यक्ति ने आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**बाजपुर** : अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। फरीदपुर फौजी कॉलोनी निवासी सुरेंद्र (53) पुत्र तेजराम शुक्रवार की देर रात करीब आठ बजे स्कूटी पर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि केशोवाला-बन्नाखेड़ा रोड पर एक फैक्ट्री के सामने अचानक सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं वार्ड-आठ रत्ना मडैया केलाखेड़ा निवासी मोहम्मद अली (34) पुत्र मोहम्मद साकिर शुक्रवार की देर रात भोजन करके टहल रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पटिया के तीन बच्चे एकलव्य विद्यालय में चयनित



**खटीमा :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटिया के छात्र अरनव राणा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में टॉप रैंक हासिल किया है। शिक्षक लाल सिंह खोलिया के मार्गदर्शन में विद्यालय के दो अन्य छात्रों संजना राणा और यश राणा प्रवेश परीक्षा पास की है।

### 23 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**बाजपुर** : बेरिया दौलत व केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने दो लोगों को 23 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बेरिया दौलत पुलिस चौकी की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई हुए एक स्कूल के बगल में जनता फार्म की तरफ नाले के पास से ग्राम मडैया हट्टू निवासी बलविंदर सिंह को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। इसी प्रकार केलाखेड़ा थाने की पुलिस टीम ने ग्राम लंकुरा से पहले एक भट्टे के पास सड़क किनारे खड़े ग्राम लंकुरा निवासी रिंकू सिंह को 26 पाउच (करीब 13 लीटर) कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### बस चालक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** पांच दिन पूर्व बस और टैंकर की टक्कर में बस चालक की मौत के मामले में पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रामपुर उत्तर प्रदेश के बकैनिया पटवई निवासी मंगल शाह ने कोतवाली में सौंपी तहरीर में आरोप लगाया है कि अज्ञात टैंकर चालक द्वारा 16 जून को सतरंगा रोड पर उसके दामाद रघुवीर निवासी नयागांव थाना पटवई जिला रामपुर की स्कूल बस को टक्कर मार दी ।

### बाइक सवार पर केस दर्ज

**खटीमा** : झनकईया पकड़िया बंगाली कालोनी निवासी गोपाल बैरागी ने झनकईया थाने में सौंपी तहरीर में कहा है कि 14 जून को शाम करीब छह बजे मेलाघाट रोड पर बाइक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसकी पत्नी नीलिमा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका रुद्रपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच ने योग को बनाया सेहत का मंत्र

## मुख्यमंत्री धामी ने भराड़ीसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम को किया संबोधित, विश्वपटल पर योग को मिली एक नई पहचान

मुख्य संवाददाता, देहरादून



भराड़ीसैंण में आयोजित कार्यक्रम में जन अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचारः** भराड़ीसैंण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज पूरा विश्व योग को जीवन दर्शन के रूप में भी अपना रहा है। योग ने पूरे विश्व में जाति, भाषा, धर्म और भौगोलिक सीमाओं को पार कर मानव समाज को जोड़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि योग वैश्विक एकता, समरसता और बंधुत्व का सेतु बनकर समस्त विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और प्रेरणादायक नेतृत्व ने योग को ग्लोबल कनेक्टिविटी और मानवता की सेहत का मंत्र बनाकर विश्वपटल पर एक नई पहचान दिलाई है। कहा कि योग हमारे मन, आत्मा और शरीर के बीच पूर्ण सामंजस्य स्थापित करता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानव जीवन को आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक स्थिरता प्रदान करता है। योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम से शरीर और मन को तनाव से मुक्त कर सकते हैं। योग मन की एकाग्रता बढ़ाने के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

**पलायन के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में रोजगार सृजन और पलायन की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार ने स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अधिक से अधिक साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी कमेटी का भी गठन किया है। ये कमेटी प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। हम युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप पहाड़ में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं।

### विद्यार्थियों से मिलने उनके बीच पहुंचे सीएम

भराड़ीसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पहले मुख्यमंत्री विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने लोगों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और छात्रों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर छात्रों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने सभी को योग के महत्व से अवगत कराया और स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भारत में मैक्सिको के राजदूत फेडेरिको सालास, मेक्सिको दूतावास में आर्थिक मामलों के प्रमुख रिकार्डो डेनियल डेलगाडो, फिजी उच्चायोग के हाई कमिश्नर जगन्नाथ सामी, नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, सूरिनाम के राजदूत अरुणकोमर हार्डियन, मंगोलिया के राजदूत डंबाजाविन गैंबोल्ड, लातविया दूतावास में डिप्टी हेड ऑफ मिशन मार्क्स डीतॉन्स, श्रीलंका उच्चायोग के मिनिस्टर काउंसलर लक्ष्मेंद्र गेशन डिसनायके, रूसी दूतावास में प्रथम सचिव क्रिस्टिना अनानीना एवं तृतीय सचिव कैटरीना लज़ारेवा, विधायक अनिल नौटियाल, एसडीएमए उपाध्यक्ष डॉ. विनय रुहेला, सचिव दीपेन्द्र चौधरी, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, डीएम चमोली संदीप तिवारी, एसपी सर्वेश पंवार मौजूद रहे।

# नभ नेत्र ड्रोन से की जाएगी कांवड़ यात्रा की निगरानी

- कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में ही तैनात रहेगा ड्रोन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का नभ नेत्र ड्रोन इस साल कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगा। ड्रोन के जरिए हरिद्वार के भीड़भाड़ वाले स्थलों, सड़कों, घाटों तथा पुलों की निगरानी की जाएगी। राज्य तथा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से नभ नेत्र ड्रोन के विजुअल्स की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी।

शनिवार को यूएसडीएमए स्थित कंट्रोल रूम में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने बताया कि आईआरएस की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं एवं आकस्मिकताओं का प्रभावी तरीके से सामना करने में आईआरएस उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा से संबंधित जनपदों के अधिकारियों से आईआरएस प्रणाली को अपनाने तथा यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से योजना का निर्माण करने को कहा। कांवड़ यात्रा के सुगम एवं सफल संचालन के लिए विभागों के मध्य आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों में सिंगल प्वाइंट ऑफ कांटेक्ट हेतु एक जिम्मेदार अधिकारी को नामित करने तथा उनकी सूची एसईओसी और डीईओसी के साथ साझा करने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और यहीं से यात्रा की निगरानी की जाएगी।

### 30 की मॉक ड्रिल में कांवड़ पर फोकस

**देहरादून** : 30 जून को यूएसडीएमए द्वारा बाढ़ को लेकर आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के दौरान हरिद्वार में सुरक्षित कांवड़ यात्रा तथा गंगा घाटों में सुरक्षा के इंतजामों को परखने के लिए विशेष रूप से मॉक ड्रिल की जाएगी।

### कांवड़ियों के मोबाइल में सचेत एप डाउनलोड कराया जाएगा

**देहरादून :** कांवड़ यात्रा पर आने वाले कांवड़ियों के मोबाइल फोन में सचेत एप डाउन लोड कराया जाएगा। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी ने कहा कि सचेत एप कांवड़ियों को मानसून अवधि में मौसम संबंधी सूचनाएं तथा अलर्ट प्रदान करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने एंट्री प्वाइंट्स में सचेत एप डाउन लोड करने संबंधी होर्डिंग तथा बार कोड लगाए जाने के निर्देश दिए। टोल फ्री नंबर 112, 1070, 1077 के बारे में भी कांवड़ियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे किसी आपात स्थिति में इन नंबरों में फोन कर मदद मांग सकें।

### गंगा घाटों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की भी तैनाती

**देहरादून :** गंगा घाटों में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरफ, जल पुलिस के अलावा 60 आपदा मित्र भी गंगा घाटों में तैनात रहेंगे। कांगड़ा घाट पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। एनडीआरएफ की एक टीम कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में तैनात रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर देहरादून से अतिरिक्त टीमों को रवाना किया जाएगा।



पिथौरागढ़ स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझते खिलाड़ी।

# स्टेडियम व जीआईसी ट्रेनीज विजेता

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** खेल विभाग पिथौरागढ़ की ओर से जिला ओलंपिक संघ पिथौरागढ़ के समन्वय से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर हॉकी एवं ताइक्वाडो सदभावना मैच/खेल प्रतियोगिताएं स्पोर्ट्स स्टेडियम आयोजित की गई।

हॉकी प्रतियोगिता का सद्भावना मैच स्टेडियम ट्रेनीज एवं जीआईसी ट्रेनीज के बीच खेला गया। जिसमें प्रथम हाफ तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रही। मध्यांतर के बाद निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने 3-3 गोल किए। अतिरिक्त समय देने के बावजूद किसी भी टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। निर्णायक समिति द्वारा दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका लीलावती जोशी एवं निखिलेश भंडारी ने निभाई। ताइक्वांडो मुकाबलों में सब जूनियर बालक वर्ग में साकेत चंद, अतुल्य विजेता एवं काव्य व प्रिंस उप विजेता रहे। जूनियर बालक वर्ग में क्षितिज कुमार, कुनाल सिंह, दिव्यांशु विजेता एवं प्रियांशु, शिवम, वंश उप विजेता रहे। कैडेट बालिका वर्ग में प्रियांशी बोरा विजेता एवं भूमिका महर उप विजेता रहे। जूनियर बालिका वर्ग में परीणिका चंद्र विजेता एवं दिव्यांशु उप विजेता रहे। निर्णायक की भूमिका मनोज रावत ने निभाई। इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी कैप्टन देवी चंद ने हॉकी एवं ताइक्वाडो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जगत सिंह महरा, कमला बिष्ट, निखिल महर, राजेन्द्र खोलिया, प्रशान्त भैसोड़ा, भूपेन्द्र बिष्ट, सुनील प्रसाद, मुकुल चन्द्र पाठक, चन्द्र सिंह धामी, दिनेश वलदिया माया कुमारी, पंकज भट्ट, पंकज मेहता, किशन सिह, ललित प्रसाद कापड़ी, गणेश सिंह, दिनेश सिंह बिष्ट, देवेंद्र राम, उमेद राम, सुनील राम, राजेंद्र राम, तनुजा कन्याल एवं कई खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# देवभूमि व्यापार मंडल के विजय अरोरा बने अध्यक्ष

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए किच्छा कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। संगठन के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने विजय अरोरा को अध्यक्ष, जगरूप सिंह गोल्डी को कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन फुटेला को महामंत्री एवं अंकुर अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की है।



मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा एवं देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह सहित तमाम गणमान्य लोगों ने नई कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने किच्छा कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी किच्छा में व्यापक सदस्यता अभियान चला कर व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का काम करेगी। सदस्यता अभियान के पूर्ण होने पर विधिवत रूप से चुनाव के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई कार्यकारिणी किच्छा के व्यापारियों की आवाज बनेगी और संगठन से जुड़ने वाले व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने नई कार्यकारिणी से किच्छा के व्यापारियों को जोड़ने के लिए मुहिम चलाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष वेद ठुकराल, जिला महामंत्री महेश मित्तल, जिला उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह हरजी, जिला कोषाध्यक्ष तारा चंद्र अग्रवाल, मुकेश गुप्ता के अलावा मनोनीत पदाधिकारियों सहित आदित्य चौधरी, जावेद मलिक आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।
3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।
4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।
6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा
8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।
9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।
2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत
4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।
5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।
7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।




### वर्ग पहेली -8 का हल




## सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.38 तक तत्पश्चात कृतिका।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृष** — आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।

**कन्या** — आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।

**तुला** — आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।

**कुंभ** — आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मीन** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।



विश्व योग दिवस पर शनिवार को जागेश्वर में योग करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा। ● अमृत विचार



रानीखेत में विश्व योग दिवस पर योग करते साधक। ● अमृत विचार

# निरोगी काया के लिए योग करने का लिया संकल्प

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया गया योग दिवस, सिकमनी मैदान, स्टेडियम, जागेश्वर व कटारमल में आयोजित हुए शिविर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले भर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के लिए हजारों हाथ उठे। मुख्यालय में हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम, पुलिस लाइन, एसएसजे विवि की ओर से सिमकनी मैदान, कटारमल सूर्य मंदिर और विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम आदि स्थानों पर लोगों ने योगाभ्यास किया।

स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, डीएम आलोक कुमार पंत ने किया। इस मौके पर विधायक तिवारी ने योग के महत्व को केवल शारीरिक अभ्यास के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवन शैली, एक समग्र स्वास्थ्य दर्शन के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

शिविरों में लोगों ने योग की विभिन्न मुद्राओं की बारीकियां सीखीं। कटारमल सूर्य मंदिर में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि यह दिन खासतौर पर योग से होने वाले कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से मनाया जाता है। योग एक प्राचीन अभ्यास है, जिसकी उत्पति भारत में हुई और इससे अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की। एसएसपी देवेंद्र पींचा, उत्तराखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अंथवाल, कल्याण मनकोटी, डॉ. नवीन जोशी, डॉ. मंजू बोरा, डॉ. रमेश दानू, हेमलता पांडे, डॉ. मोहम्मद शाहिद, जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह, सुंदर कुमार गौतम, मोहित रावत समेत आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा स्टेडियम में शनिवार को योग करते डीएम व विधायक। ● अमृत विचार

### योग जीवन के समग्र संतुलन का मार्ग

**अल्मोड़ा :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में शनिवार को योग दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा और स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज ने दीप जलाकर किया। केंद्रीय मंत्री टम्टा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन के समग्र संतुलन का मार्ग है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके अथक प्रयासों से आज योग को वैश्विक मंच पर मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया और उन्हें प्रतिदिन योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। यहां तहसीलदार बरखा जलाल, जनेमजय तिवारी, दीक्षा बेलवाल, श्वेता उपाध्याय, चंद्र प्रकाश फुलोरिया आदि रहे।

### मैदान में गूंजा योग, जागा आत्मबोध

**अल्मोड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एसएसजे विवि के सिमकनी खेल मैदान में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने नियमित योग कर निरोगी रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मेयर अजय वर्मा, दर्जा राज्य मंत्री कैलाश पंत, गंगा बिष्ट ने किया। इस मौके पर अतिथियों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यहां योग विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद्र भट्ट, पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, ललित लटवाल, डॉ. गिरीश सिंह अधिकारी, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, रजनीश जोशी, डॉ. लल्लन कुमार, हेमलता अवस्थी समेत अन्य मौजूद रहे।

### योग दिवस पर सामूहिक रूप से किया योग

**रानीखेत, अमृत विचार :** छावनी परिषद के बहुउद्देशीय सभागार में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का आयोजन उत्साह गरिमा और जनसंयोगिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद व चिलियानौला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण रावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। योग दिवस पर सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय गनियादयोली मुख्यालय में महानिदेशक अमित कुमार के नेतृत्व में सामूहिक रूप से अधिकारियों व जवानों को योग कराया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान सस्था रानीखेत प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. गजेंद्र राव के मार्गदर्शन पर योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक नैनवाल, छावनी अधिशासी अधिकारी कुणाल राहुल, मोहन नेगी, विमला रावत, गिरीश भगत, धन सिंह रावत, डॉ. विजयशील उपाध्याय, डॉ. मुकेश गुप्ता आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. कुबेर अधिकारी, डॉ. ललित मोहन जोशी, डॉ. जितेंद्र पनोई, डॉ. शैलेंद्र डांगर, डॉ.अभिलाषा गुप्ता, डॉ. शोभा सनवाल, संजय भूसा आदि रहे।

### योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

**पिथौरागढ़, अमृत विचार :** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद भर में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम देव सिंह मैदान में आयोजित हुआ। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर कल्पना देवलाल ने किया। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि योग की जो शिक्षा लेकर लोग यहां से जा रहे हैं, उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा भी बनाएं। उत्तराखंड में योग क्रांति के रूप में आया है। अधिकांश लोग योग को अपना रहे हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ.दीपक सैनी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. चंद्रकला भैंसोड़ा, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, उपजिलाधिकारी सदर वैभव कांडपाल आदि मौजूद रहे।



टनकपुर नेहरू पार्क में योग करते योग साधक। ● अमृत विचार

### उल्लासपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**टनकपुर/चम्पावत, अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। जिले के विभिन्न स्थलों पर आयोजित सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सुरक्षाबलों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। टनकपुर नेहरू पार्क में भारत विकास परिषद द्वारा सुबह 5:30 बजे से दिन में 11 बजे तक योग शिविर लगाया गया। परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार आर्य ने सूक्ष्म व्यायाम,आसन एवं प्राणायाम करना सिखाए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम गौरल चौड़ मैदान, चम्पावत में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रेमा पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, एसपी अजय गणपती, सीडीओ डॉ. जी.एस. खाती आदि ने प्रतिभाग किया। गौरलचौड़ मैदान में भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। विकास खंड पाटी में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमारी सुमन लता और विशिष्ट अतिथि गोपेश पंचोली, जगदीश जोशी आदि मौजूद रहे। आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनबसा एवं एनएचपीसी के संयुक्त तत्वावधान में खेल मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनएचपीसी प्रमुख ऋषि रंजन आर्य, विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष रेखा देवी व हेमा ने दीप प्रज्वलन कर किया। कोलीढेक झील (लोहाघाट) में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




आंगनबाड़ी केंद्र पान में योगाभ्यास करते साधक। ● अमृत विचार

### करो योग, रहो निरोग का दिया संदेश

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज गेवाड़घाटी क्षेत्र में भी लोगों ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं को संपन्न कर करो योग, रहो निरोग का संदेश साझा किया। सुबह से ही लोग अपने अपने घरों, सार्वजनिक स्थानो एवं कार्यालयों, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि जगह योगाभ्यास में जुटने लगे। एएनएम ममता नेगी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री किरन त्रिपाठी, सुनीता, गीता, चंपा, आशा वर्कर रीता व तारा आदि ने योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।

# ग्रामीण टैंकर के पानी से प्यास बुझाने को मजबूर




अल्मोड़ा में जल संस्थान के टैंकर से पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गहरा रहा है जल संकट
- विभाग की ओर से टैंकरों के माध्यम से बांटा जा रहा पानी

**अमृत विचार:** जिले के ग्रामीण हिस्सों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। प्राकृतिक जल स्रोतों में पानी कम होने से ग्रामीण टैंकर से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। सुबह से देर रात तक ग्रामीण पानी की जुगत में जुट रहे हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार जल संस्थान की ओर से जिले के तमाम ग्रामीण इलाकों में चार से अधिक टैंकरों के माध्यम से पानी का वितरण किया गया। इससे ग्रामीणों को कुछ हद तक राहत मिली। जल संस्थान के प्रयास से सड़क से लगे क्षेत्रवासियों को तो राहत मिल रही है, लेकिन ग्रामीण हिस्सों में आपूर्ति करना मुश्किल हो रहा है। इससे लोगों को प्राकृतिक धारों और नौलों के भरोसे आपूर्ति करनी पड़ रही है।

साथ ही लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इधर, जल संस्थान की ओर से दन्या, लमगड़ा, भनोली, लोधिया, दरखास, नगरखान, मनीआगर, तोली आदि स्थानों में टैंकरों के माध्यम से पानी बांटा गया। नगर में फिलहाल पेयजल का संकट नहीं है। इससे लोगों को राहत मिल रही है।

# स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**बनबसा, अमृत विचार :** पुलिस ने स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बनबसा क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान के दौरान रामू गिरी पुत्र बजरंग बली गिरी निवासी वार्ड नं-05, नई बस्ती, बनबसा के कब्जे से 6.12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल संजय शर्मा, कांस्टेबल जगदीश सिंह, ललित कुमार मौजूद रहे।

# बंदरों के आंतक से निजात की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में इन दिनों निराश्रित गोवंशों और कटखने बंदरों का आंतक बना हुआ है। शनिवार को मामले को लेकर नगर निगम पार्षदों ने मेयर को ज्ञापन सौंप जल्द कार्रवाई की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा कि निराश्रितों गोवशों और कटखने बंदरों से आतंक से लोगों में भय बना हुआ है। आए दिन निराश्रित गोवंश जहां एक ओर लोगों को घायल कर रहे है, वहीं दूसरी ओर नगर की यातायात व्यवस्था को भी बाधित कर रहे है। कटखने बंदर भी स्कूली बच्चों पर हमला कर घायल कर रहे है। पार्षदों ने जल्द इनके आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। इधर, मेयर अजय वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जिले में नए गौ सदनों के निर्माण को लेकर स्वीकृति दी है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। यहां पार्षद अमित साह मोनू, वसुधा पंत, अर्जुन सिंह बिष्ट, गुंजन चम्याल, लक्ष्मण भंडारी आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा नगर निगम मेयर से मुलाकात करते पार्षद व अन्य। ● अमृत विचार

# युवती की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** धौलछीना में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बीते चार दिन पूर्व ही उसके बुआ की हार्ट अटैक से मौत हुई थी।



दीक्षा, फाइल।

दरअसल, चार दिन पूर्व धौलछीना निवासी 23 वर्षीय कमला मेहरा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बुआ की मौत का सदमा परिजन अभी भुला भी नहीं पाए थे कि शुक्रवार को 19 साल की भतीजी दीक्षा मेहरा की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार में एकाएक दो मौतों से कोहराम मचा हुआ है। दीक्षा मेहरा पुत्री महेंद्र मेहरा यहां अल्मोड़ा एसएसजे में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। इन दिनों छुट्टी के चलते वह अपने घर आई थी। शुक्रवार को बाजार से लौटते के बाद दीक्षा के सीने में दर्द उठा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दुकान स्वामी को पीटा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में इन दिनों अराजकता बढ़ गई है। अराजक तत्व आपसी विवादों को सड़कों पर लाकर जमकर मार-पीट पर उतर आ रहे है। उनको पुलिस का भी डर नहीं रह गया है। बीच मालरोड में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम नगर के व्यस्ततम माल रोड में केमू स्टेशन के समीप किसी बात को लेकर अराजक तत्वों में आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नौमत मारपीट पर उतर आई और जमकर लात-घूसे चले। वहीं, अराजक तत्वों ने एक दुकान में घूस कर तोड़-फोड़ कर दुकानदार से भी मारपीट की। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को भी दी गई। लेकिन पुलिस समय रहते यहां नहीं पहुंच सकी। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन की रात्रि गश्त और कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए है। इधर, नगर की मुख्य सड़क में मारपीट का विडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। लोगों ने ऐसे अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

# नेपाली युवक को सकुशल निकाला

**बागेश्वर, अमृत विचार:** कपकोट पुलिस ने छह दिन से नदी में फंसे नेपाली मूल के युवक को रात में रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया।

कपकोट थाने में शुक्रवार को सूचना मिली कि नामिक के पास रामगंगा नदी किनारे एक युवक मदद की गुहार लगा रहा है। जिस पर थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह के निर्देश पर टीम वहां पहुंची रेस्क्यू कर रस्सी के मदद से युवक को सकुशल बाहर निकाला। युवक ने अपना नाम जितेंद्र दास पुत्र नथुनी दास निवासी नेपाल बताया।

# टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग बढ़ाएं

संवाददाता, पिथौरागढ़

- जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कलेक्ट्रेट कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम व टीबी उन्मूलन की बैठक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष में संपन्न हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस नबियाल ने जिलाधिकारी को एजेंडा बिंदुओं से अवगत कराया। जिनमें जनपद के जन्म-मृत्यु पंजीकरण की इकाईवार समीक्षा एवं पंजीकरण से संबंधित समस्त बिंदुओं पर जनगणना कार्य, विलंबित रजिस्ट्रेशन को कम किए जाने के लिए रजिस्ट्रारों द्वारा विलंबित रजिस्ट्रेशन शुल्क में आ रही समस्या के विषय में चर्चा की गई। प्रत्येक मृत्यु के लिए मृत्यु के कारण का चिकित्सीय प्रमाणीकरण, सभी निजी चिकित्सालयों एवं एएनएम उपकेंद्रों को जन्म-मृत्यु की संगत सूचना स्थानीय रजिस्ट्रार को उपलब्ध करवाने के लिए सीआरएस पोर्टल की इनफारमेंट आईडी क्षेत्रीय रजिस्ट्रार द्वारा अनिवार्य रूप से जारी करने पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीवी मुक्त जनपद करना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने टीवी मरीजों की स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट, विश्व स्वास्थ्य संगठन से आए डॉक्टर, रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य, टीवी फोरम सदस्य राकेश पंत आदि मौजूद रहे।

**व्यवस्था** बाटनागाड़ में बाधित मार्ग खुला, आवाजाही शुरू, मेला क्षेत्र में फंसे वाहन भी निकाले गए

# रात्रि में मां पूर्णागिरि के दर्शन पर लगी रोक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** भारी मशक्कत के बाद पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए भारी मलबा व बोल्डरों को हटाने के बाद यह मार्ग वाहनों के लिए खुल गया है। ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में फंसे वाहनों को निकाल लिया गया है साथ ही मार्ग में फंसे लोग भी सुरक्षित आ गए हैं। इधर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए रोक लगा दी गई है। अब रात्रि में तीन माह बाद शारदीय नवरात्रि में ही दर्शन हो पाएंगे।



बाटनागाड़ में मलबा हटाने के बाद आवाजाही करते वाहन। ● अमृत विचार

हाल की भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण बाधित हुआ बाटनागाड़ क्षेत्र अब खुल गया है। संबंधित विभागों द्वारा मलबा हटाए जाने और सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के बाद मार्ग पर सामान्य आवाजाही शुरू कर दी गई है। वर्षा होने पर अभी भी यह मार्ग बाधित हो सकता है।

लोक निर्माण विभाग, आपदा प्रबंधन, पुलिस तथा अन्य एजेंसियों ने मिलकर राहत और मरम्मत कार्य को तेजी से पूर्ण किया। इधर, एसपी अजय गणपति ने कहा है की सुरक्षा को देखते हुए शाम 6 बजे से सुबह तक पूर्णागिरि मार्ग में वाहनों की आवाजाई पर रोक लगाई गई है।

उन्होंने अपील है कि मार्ग से गुजरते समय दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी असुविधा की स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करें। मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए शनिवार से रात्रि 8:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि अब रात्रि में तीन माह बाद यानी शारदीय नवरात्रि में ही श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे।

# मॉडल डिलीवरी प्वाइंट का शुभारंभ

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी में मॉडल डिलीवरी प्वाइंट का शुभारंभ हो गया है। इससे क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने संयुक्त रूप से डिलीवरी प्वाइंट शुभारंभ किया। मित्रा टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सहयोग से पाटी अस्पताल में यह चौथा मॉडल डिलीवरी प्वाइंट स्थापित किया गया है। मित्रा फाउंडेशन की समन्वयक ऐरिका दत्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में पनियां एएनएम सेंटर से मॉडल डिलीवरी प्वाइंट की शुरुआत की गई थी। इसके बाद 2024 में देवीधुरा और चौड़ा मेहता में प्वाइंट स्थापित किए गए। इस वर्ष पाटी ब्लॉक मुख्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी में मॉडल डिलीवरी प्वाइंट शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्वाइंट के शुरू होने से अब पाटी पीएचसी में 24 घंटे प्रसव सेवा उपलब्ध होगी। वर्तमान में यहां प्रतिमाह 25 से 30 प्रसव हो रहे हैं।

इस दौरान बीडीओ अवनीश उपाध्याय, डॉ. इब्तिशाह, फार्मेसी अधिकारी प्रकाश सिंह खड़ायत, मित्रा फाउंडेशन के दीपक जोशी, नर्सिंग अधिकारी नेहा थापा, सुजाता और रंजीत मेहता मौजूद रहे।



स्वास्थ्य केंद्र पाटी में डिलीवरी प्वाइंट का शुभारंभ करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# अजय टम्टा ने बाराही धाम में की पूजा-अर्चना

**टनकपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने शनिवार को जनपद चम्पावत के मां बाराही धाम देवीधुरा पहुंकर मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वे यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे थे।

इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से केंद्रीय राज्यमंत्री को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कथा के दौरान कथावाचक पंडित प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण के विवाह और सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश कैड़ा, सुमन लता, संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई ।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

### सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।


# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट




शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

**लीड्स, एजेंसी**

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।



इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

## एक नजर

### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)** : सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)** : माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।



**विदाई** : श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका)** : भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

**कोलकाता, एजेंसी**

● कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी** : भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

## साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स** : इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

**लीड्स, एजेंसी**



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी** : शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।



सबालेंका अंतिम सेट के टाइब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

## महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम)** : भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग



ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

**पेरिस, एजेंसी**

● 88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा

● नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की




नीरज चोपड़ा।

सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



**एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

**न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी**

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।

वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था। वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों समेत कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे। इजराइल ने कहा कि कुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है। इजराइल ने यह भी कहा कि उसने कुद्स फोर्स की हथियार हस्तांतरण इकाई के कमांडर को भी मार दिया है, जो हिज्बुल्ला और हमास को हथियार मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि बेहनाम शाहरियारी की मौत पश्चिमी ईरान में यात्रा करते समय कार में हुई।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग




दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।

# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तैयारी** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स: एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्ट्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।